





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026


# पिछले ऑटो एक्सपो में खूब बिके वाहन, पर 120 ग्राहक ऐसे जिनको अभी तक नहीं मिले रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, इस बार भी छूट, अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी रायपुर में इस साल 20 जनवरी से 5 फरवरी तक आटो एक्सपो लगाया जा रहा है। इस एक्सपो की खास बात ये है कि यहां से गाड़ी खरीदने वालों को गाड़ी के लाइफटाइम टैक्स में 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी, पर बड़ा सवाल यह भी है कि सही समय पर ग्राहकों को इसका फायदा मिलेगा या नहीं? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि पिछले साल यही एक्सपो ▶▶|शेष पेज 6 पर

## मॉडल का अनुमोदन पहले कराना होगा, तभी मिलेगा लाभ

### अब 20 जनवरी से 5 फरवरी तक एक्सपो

इधर राडा ने एक बार फिर रायपुर से साइंस कालेज मैदान पर 20 जनवरी से 5 फरवरी तक एक्सपो लगाने की तैयारी की है। परिवहन विभाग ने इसमें छूट देने संबंधी नियमों को नोटिफाई कर दिया है। बताया गया है कि किस तरह की खरीदी पर छूट के प्रावधान लागू होंगे।



पिछले वर्ष ऑटो एक्सपो में एनआईसी ने दस्तावेजों की कमी बताकर जिनके रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट रोके थे, वह क्लियर हो गए हैं। उनको जल्दी ही आरसी बुक मिल जाएंगी।

- डी. रविशंकर, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त

### ये है मामला

राजधानी रायपुर में पिछले साल रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन (राडा) ने आटो एक्सपो का आयोजन किया था। राज्य सरकार के परिवहन विभाग ने यहां से गाड़ी खरीदने वालों को लाइफटाइम टैक्स में 50 प्रतिशत छूट घोषित की थी। इस छूट का फायदा उठाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की थी, लेकिन इनमें से 120 को अब तक आरसी नहीं मिली है। जाहिर है, ये लोग सालभर से परेशान हैं।

### डीलरों को पहले लेना होगा एक्सपो में बिक्री का प्रमाणपत्र

यह छूट ऐसे यानों के लिये दी जायेगी, जिन्हें ऐसे ऑटोमोबाइल व्यवसायियों द्वारा विक्रय किया जाना है. जिन्होंने सबंधित क्षेत्रीय, जिला परिवहन अधिकारियों से, ऑटो एक्सपो स्थल में वाहन विक्रय किये जाने के लिये व्यवसाय प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो। अन्य राज्यों के ऑटोमोबाइल व्यवसायी, यहां बिक्री नहीं कर सकेंगे। ऑनलाईन डीलर प्वाइंट रजिस्ट्रेशन के लिए अलग से यूजर आइडी, पासवर्ड लेना अनिवार्य होगा।


### लाइफटाइम टैक्स में इस तरह मिलेगी छूट

ऑटो एक्सपो में विकय किये जाने वाले प्रत्येक वाहन के जीवनकाल कर का भुगतान, ऑटो एक्सपो अवधि में एकमुश्त किया जायेगा। यदि कर का भुगतान ऑटो एक्सपो अवधि के बाद किया जाता है, तो कर में छूट नहीं दी जायेगी। यदि ऑटो एक्सपो में बिक्री तिथि से, पंजीयन के लिए पूरे दस्तावेज, 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो कर में छूट की पात्रता नहीं होगी, जिसके फलस्वरूप कर में अंतर की राशि, शास्ति एवं ब्याज देय होगा।

एक्सपो में केवल प्रतिभागी पंजीकृत व्यवसायी द्वारा बेचे गए वाहनों में कर में छूट दी जायेगी। आटो एक्सपो में कर में छूट, प्रतिभागी ऑटोमोबाइल व्यवसायी के द्वारा वाहन पंजीयन चिन्ह आवंटित करने पर ही प्राप्त होगी।

## दुनिया में हाहाकार, वेनेजुएला में सन्नाटा, भारत में चर्चा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी मीटिंग

# ट्रंप की धमकी, कहा-डेल्सी ने नहीं मानी मेरी बात तो मादुरो से भी बुरा होगा हाल




अमेरिकी सैन्य अभियान में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के पकड़े जाने के बाद से दुनिया में हाहाकार जैसी स्थिति हो गई है। वेनेजुएला की राजधानी काराकस में सन्नाटा पसरा रहा और वाहनों की आवाजाही भी न के बराबर थी। अधिकतर किराना स्टोर, पेट्रोल पंप और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। वहीं, अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस एक्शन पर दुनिया भर के विशेषज्ञ सवाल उठा रहे हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि डेल्सी ने उनकी बात नहीं मानी तो राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से बुरा उनका हाल होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| वाशिंगटन/ नई दिल्ली

वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति को धमकी देते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेलीफोन पर दिए साक्षात्कार में कहा कि वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज अगर अमेरिकी देश के लिए सही काम नहीं करतीं तो उन्हें बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। ट्रंप ने कहा कि अगर वह सही काम नहीं करती हैं तो उन्हें बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, शायद मादुरो से भी बड़ी। हालांकि, रोड्रिग्ज ने वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को देश से ले जाने की आलोचना की है और मांग की है कि अमेरिका उन्हें वापस लौटाए। वहीं, दूसरी ओर वामपंथी ▶▶|शेष पेज 6 पर

### स्विट्जरलैंड मादुरो की संपत्ति करेगा फ्रीज

सोमवार को स्विस सरकार ने घोषणा की कि उसने वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो या उनके सहयोगियों की स्विट्जरलैंड में मौजूद सभी संपत्तियों को "तत्काल प्रभाव से" फ्रीज करने का निर्णय लिया है। सरकार ने एक बयान में कहा, ऐसा करके, संघीय परिषद (सरकार) का उद्देश्य संपत्तियों के बहिर्वाह को रोकना है। बयान में यह भी कहा गया कि यदि भविष्य की कानूनी कार्यवाही से यह पता चलता है कि धन अवैध रूप से अर्जित किया गया था, तो स्विट्जरलैंड यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि इसका लाभ वेनेजुएला के लोगों को मिले।



वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ़्लोरेस को न्यूयॉर्क में मैनहटन की कोर्ट में लाया गया।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद करेगा चर्चा

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अमेरिकी समयानुसार रात 8:30 बजे वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका द्वारा पद से हटाए जाने और उनकी गिरफ्तारी के बाद की स्थिति पर आपातकालीन बैठक करेगा।

### इधर, कांग्रेस सांसद ने अपने बेटे का पोस्ट किया साझा

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपने बेटे ईशान थरूर के वाशिंगटन पोस्ट में लिखे एक लेख को साझा किया है। ईशान थरूर ने बताया है कि कैसे अमेरिका 2026 में पश्चिमी देशों को नया आकार देने के लिए 1823 के पुराने सिद्धांत के तौर-तरीकों को फिर से लागू कर रहा है। ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व से लेकर ट्रंप कोरोलरी तक, यह दशकों में सबसे आक्रामक बदलाव है। जैसे-जैसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल अपने दूसरे वर्ष की ओर बढ़ ▶▶| शेष पेज 6 पर

### रोड्रिगेज ने ट्रंप को भेजा संदेश

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने अमेरिकी सरकार को सहयोग एजेंडा पर मिलकर काम करने के लिए एक संदेश भेजा है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में डेल्सी ने कहा,



वेनेजुएला की ओर से दुनिया और संयुक्त राज्य अमेरिका को एक संदेश- वेनेजुएला शांति और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हमारा देश बाहरी खतरों से मुक्त, सम्मान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के वातावरण में रहना चाहता है। हमारा मानना है कि वैश्विक शांति की नींव प्रत्येक राष्ट्र के भीतर शांति सुनिश्चित करने पर ही रखी जा सकती है। हम संप्रभु समानता और गैर-हस्तक्षेप के सिद्धांतों पर आधारित संयुक्त राज्य अमेरिका और वेनेजुएला के बीच, वेनेजुएला और क्षेत्र के अन्य देशों के बीच संतुलित और सम्मानजनक अंतरराष्ट्रीय संबंधों की दिशा में आगे बढ़ने को प्राथमिकता देते हैं। ये सिद्धांत दुनिया के शेष देशों के साथ हमारी कूटनीति का मार्गदर्शन करते हैं। रोड्रिगेज ने मादुरो के प्रति कुछ वफादारी दिखाते हुए कहा कि शांति और संवाद का उनका संदेश मादुरो का भी संदेश था।

### मैं दोषी नहीं...अब भी वेनेजुएला का राष्ट्रपति

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अमेरिका की एक संघीय अदालत में पहली बार पेश होते हुए खुद को निर्दोष बताया है। ड्रग तस्करी और आतंकी साजिश से जुड़े गंभीर आरोपों पर सुनवाई के दौरान मादुरो ने अदालत से कहा कि वह कोई अपराधी नहीं, बल्कि अभी भी वह अपने देश के निर्वाचित राष्ट्रपति हैं। अदालत में पेशी के दौरान मादुरो ने जज से कहा, मैं एक सम्मानित व्यक्ति हूं और अपने देश का राष्ट्रपति हूं। मुझे वेनेजुएला के कराकास में मेरे घर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्हें पकड़ा गया है और उनके साथ अन्याय हुआ है। ये कानून का उल्लंघन है।

## 2883 करोड़ का शराब घोटाला मामला

# निरंजन सहित 30 आबकारी अफसरों की 38 करोड़ रुपए की संपत्ति की गई अटैच



शराब घोटाले में 29 हजार 981 पन्नों का फाइनल चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के चर्चित ढाई हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाले में ईडी की विशेष अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राज्य के चर्चित 2883 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तत्कालीन आबकारी आयुक्त निरंजन दास सहित 30 आबकारी अफसरों की चल, अचल संपत्ति अटैच की है। आरोप है कि आबकारी अधिकारियों ने शराब घोटाला की कमाई से चल, अचल संपत्ति अर्जित की है। ईडी ने उक्त कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत की है। ईडी द्वारा जारी बयान के मुताबिक शराब घोटाले के कारण छत्तीसगढ़ के आबकारी खजाने को ▶▶|शेष पेज 6 पर

### अटैचमेंट की कार्रवाई आगे भी जारी

ईडी अफसरों ने अपनी कार्रवाई के माध्यम से संकेत दिए हैं कि शराब घोटाला की आय से अर्जित संपत्तियों की पहचान कर आने वाले दिनों में अटैचमेंट की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। ईडी ने जिन प्रमुख लोगों की संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई की है, उनमें पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चैतन्य बघेल, पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा तथा उनके बेट के साथ कारोबारी अनवर ढेबर सहित कई अन्य शराब घोटाला के आरोपियों की संपत्ति शामिल है।

### घोटालेबाजों की पौने तीन सौ संपत्ति अटैच

ईडी ने घोटालेबाजों की अब तक 382 करोड़ रुपए की पौने तीन सौ संपत्ति अस्थायी तौर पर अटैच की है। ईडी ने जो संपत्ति अटैच की है, उनमें आलीशान बंगले, पॉश कॉलोनियों में फ्लैट, व्यावसायिक परिसर की दुकानें और बड़ी मात्रा में कृषि भूमि शामिल हैं। वहीं, चल संपत्तियों में करोड़ों रुपए का सावधि जमा, कई बैंक खातों में जमा रकम, जीवन बीमा पॉलिसियां, शेयर और म्यूचुअल फंड में किया गया निवेश शामिल है।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी 11 को जाएंगे सोमनाथ मंदिर




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के सोमनाथ मंदिर का 11 जनवरी को दौरा करेंगे। 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अवसर पर सोमनाथ में वर्षभर गतिविधियां आयोजित किए जाने की योजना बनाई गई है। आठ से 11 जनवरी तक सोमनाथ में अनेक आध्यात्मिक और सामाजिक गतिविधियां होंगी। विदेशी आक्रमणकारियों के कई हमलों के बाद पुनर्निर्मित किया गया।

### स्कूल में पीलिया फैलने से 40 छात्र बीमार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में खुर्दा जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) में पीलिया फैलने के बाद 40 से अधिक छात्र बीमार पड़ गए। गुरुजांग स्थित आवासीय विद्यालय में क्रिसमस की छुट्टियों के बाद लौटने पर एक छात्र के पीलिया से पीड़ित होने का पता चला। उन्होंने कहा कि बाद में कई अन्य छात्र भी पीलिया से पीड़ित पाए गए।

### आग में 20 झोपड़ियां खाक 120 मवेशियों की मौत



**भद्रक।** ओडिशा के भद्रक जिले के एक गांव में भीषण आग लगने से 20 झोपड़ियां जलकर राख हो गईं और लगभग 120 मवेशियों की जान चली गई। यह घटना रविवार देर रात तिहिड़ी थाना क्षेत्र के छत्रपड़ा गांव में हुई। हालांकि, इस हादसे में किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## 5.1 तीव्रता का भूकंप, दो घायल

# असम की धरती डोली कई राज्यों में झटके

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी/मोरीगांव

असम के मध्य भाग में सोमवार तड़के 5.1 तीव्रता का भूकंप आया और इससे जुड़ी घटनाओं से दो लोग घायल हो गए। भूकंप मोरीगांव जिले में सुबह चार बजकर 17 मिनट पर 50 किलोमीटर की गहराई में दर्ज किया गया। मध्य-पश्चिमी अरुणाचल प्रदेश, मेघालय के अलावा नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा तथा उत्तरी पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### आवास पर आई दरारें

नगांव के मनोज कुमार घायल हो गए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है। भूकंप के बाद नगांव और मोरीगांव जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में कुछ आवासीय इकाइयों में दरारें दिखाई दे रही थीं। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बड़े नुकसान की सूचना नहीं दी गई है।

# प्रार्थना की आड़ में धर्मांतरण से तनाव, गांव में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दुधावा क्षेत्र के ग्राम देवडोंगर में रविवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब एक घर में आयोजित प्रार्थना सभा को लेकर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि गांव में हंगामा के हालत बन गए। ग्रामीणों ने प्रार्थना की आड़ में धर्मांतरण के प्रयास का आरोप लगाते हुए अपनी पारंपरिक आस्था और संस्कृति पर खतरा बताया। जानकारी के अनुसार रविवार 4 जनवरी को ग्राम देवडोंगर ▶▶|शेष पेज 6 पर



### बहस के बाद बिगड़े हालात

स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। हालांकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है, लेकिन माहौल काफी देर तक तनावपूर्ण बना रहा। आक्रोशित ग्रामीणों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार के बाहरी धर्म प्रचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## आंबेडकर के सीटीवीएस विभाग में अत्यंत दुर्लभ सर्जरी


# ब्रश करते वक्त बेवजह फटी गर्दन की नस... रायपुर में विश्व का 11वां केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

शहर में रहने वाले 42 वर्षीय मरीज को किसी तरह की बीमारी और संक्रमण नहीं था। सुबह ब्रश करते वक्त बेवजह उसके गर्दन की नस फट गई और वह बेसुध हो गया। सही समय पर परिजन उसे लेकर आंबेडकर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां हार्ट, चेस्ट एंड ▶▶|शेष पेज 6 पर

## 42 वर्षीय मरीज को नया जीवन






**हर पल था जोखिम:** हार्ट, चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी विभागाध्यक्ष एवं सर्जन डा. कृष्णकांत साहू ने बताया कि ऑपरेशन अत्यंत जोखिमपूर्ण था। गर्दन में खून के अत्यधिक जमाव के कारण धमनी को पहचानना बेहद कठिन था। जरा सी चूक से मरीज की जान जा सकती थी या ऑपरेशन के दौरान मस्तिष्क में खून का थक्का पहुंचने से ▶▶| शेष पेज6 पर

### इनका रहा योगदान

इस दुर्लभ सर्जरी को पूरा करने में सीटीवीएस सर्जन डा. कृष्णकांत साहू का साथ कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. संकल्प दीवान, डॉ. बालस्वरूप साहू, जूडा डॉ. आयुषी, डॉ. अंशिका, डॉ. ख्याति, डॉ. आकांक्षा साहू, डॉ. संजय,डॉ. ओम प्रकाश, नर्सिंग स्टाफ राजेन्द्र, नरेन्द्र, चोवा, दुष्यंत, मुनेश ,नुतन, प्रियंका, शीबा तथी टेक्नीशियन स्टाफ भूपेन्द्र, हरीश ने दिया। चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. संतोष सोनकर ने इसके लिए पूरी टीम को शबाशी दी है।



बदहाली के दौर से गुजर रहे औद्योगिक क्षेत्र भिलाई के सैकड़ों उद्योगों पर अब दोहरी मार पड़ रही है। नगर निगम के अचानक निर्यात कर के फरमान से उद्योगों की चिमनियों के बंद हो जाने और हजारों कर्मचारी और मजदूरों के सड़क पर आ जाने के आसार हैं। ननि के खिलाफ उद्यमी एकजुट हो रहे हैं।

# बदहाली के दौर से गुजर रहे सैकड़ों उद्योगों पर दोहरी मार

## नगर निगम भिलाई के निर्यात कर जमा करने के फरमान से सड़क पर आ जाएंगे 30 हजार मजदूर

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई द्वारा ननि क्षेत्र के उद्योगों को अचानक निर्यात कर भुगतान करने का नोटिस जारी किया गया है। इससे उद्यमियों और व्यापारियों में असंतोष है। उद्यमियों के मुताबिक निर्यात कर वर्ष 2017 से जमा करना है। उद्यमियों द्वारा निगम के इस कदम को अवैध और अनुचित बताते हुए वापस लिए जाने की मांग की जा रही है। गुस्साए शहर के उद्यमी और व्यापारी लामबंद हो रहे हैं। निर्यात कर संघर्ष समिति गठित कर नगर निगम भिलाई के फरमान का विरोध किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल मुताबिक भिलाई क्या पूरे प्रदेश में पहले कभी भी नगर निगम द्वारा उद्योगों से निर्यात कर नहीं लिया गया है। अचानक 2017 से भिलाई निगम द्वारा अब तक की निर्यात कर राशि जमा करने के लिए फरमान जारी कर दिया गया है। इतनी अधिक राशि पहले से आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे सहायक और लघु उद्योग सहित सभी उद्योग कहां से भुगतान कर पाएंगे।




### सांसद बघेल से लगाई गुहार

निर्यात कर राशि जमा करने के नगर निगम भिलाई के फरमान से उद्यमियों में भारी असंतोष है। इसे वापस लिए जाने के लिए उद्यमी एकजुट होकर वापस लेने की मांग कर रहे हैं। निर्यात कर संघर्ष समिति के बैनर तले चैंबर आफ कामर्स, वायर राड मिल, एंसीलरी एसोसिएशन सहित लामबंद हो रहे हैं। समिति के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने बताया कि सांसद विजय बघेल सहित सभी जन प्रतिनिधियों से भी निर्यात कर के कदम की वापसी के लिए मांग की गई है। सांसद विजय बघले ने सहयोग का आश्वासन दिया है।

### नियमानुसार लिया जा रहा सीमा शुल्क

नगर निगम क्षेत्र भिलाई से बाहर भेजे जाने वाले माल पर उद्यमियों से सीमा कर( निर्यात कर) की वसूली वसूली राज्य शासन के नियमानुसार और पूरी तरह वैधानिक है। कुछ लोग नियमित रुप से जमा भी कर रहे हैं। सभी उद्यमियों से सीमा शुल्क नियमित रुप से भुगतान किए जाने की अपील की गई है।

राजीव कुमार पांडेय, आयुक्त ननि भिलाई

### हजारों परिवारों की रोजी रोटी का संकट होगा

उल्लेखनीय है कि भिलाई में करीबन चार सौ उद्योग हैं। इनमें तीस से चालीस हजार कर्मचारी और मजदूर काम कर रहे हैं। निर्यात कर संघर्ष समिति के अनुसार लाखों रुपए का निर्यात कर जमा करने कई तरह की समस्याओं का सामना कर रहे उद्योगों को बंद करने की नौबत आ जाएगी। इससे उद्योगों के चालीस हजार कर्मचारी और मजदूर बेकार हो जाएंगे। उनके परिवार पर रोजी रोटी का संकट आ जाएगा। औद्योगिक क्षेत्र के उद्योग पिछले लंबे समय से बीएसपी से पर्याप्त आर्ड इंक्वायरी नहीं मिलने से भारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### आईईडी ब्लास्ट में बालक घायल, अस्पताल दाखिल



**बीजापुर।** थाना गंगालूर क्षेत्र के ग्राम कोरचोली नदीपारा में सोमवार सुबह माओवादियों द्वारा पूर्व से लगाए गए प्रेशर आईईडी के विस्फोट में आज एक 15 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोरचोली निवासी राम पोटाम पिता स्व. लच्छु पोटाम सुबह लेंड्रा, कोरचोली जंगल क्षेत्र की ओर गया हुआ था। इसी दौरान वह प्रेशर आईईडी की चपेट में आ गया। जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई। घायल का 222 बटालियन सीआरपीएफ कैंप कोरचोली में प्राथमिक उपचार किया गया। स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बीजापुर रेफर किया गया। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान तेज कर दिया है तथा आईईडी निष्क्रियकरण की कार्रवाई जारी है। सुरक्षा एजेंसियों ने आमजन से अपील की है कि जंगल एवं दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन के दौरान सतर्कता बरतें। किसी भी संदिग्ध वस्तु, गतिविधि या सामग्री की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या सुरक्षा कैंप को दें।

### नाबालिग से दुष्कर्म के बाद धारदार हथियार से हत्या

**जगदलपुर/ नारायणपुर।** नारायणपुर जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व मिले नाबालिग के शव का पहचान कर लिया गया है। मामले में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के बाद कुल्हाड़ी मारकर हत्या की गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी नारायणपुर राबिनसन गुरिया ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ओरछाकुरुई में 10 साल की नाबालिग बच्ची 31 दिसम्बर से लापता थी, जिसकी पता तलाश की जा रही थी। इसी बीच 4 जनवरी को उसका शव कोरसा के खेत में पाया गया था। जिसके बाद ग्रामीणो ने इसकी सूचना सोनपुर थाना में दी। सूचना मिलते ही पुलिस व एसएफएल टीम घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण व पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मामले की जांच के दौरान पुलिस को आरोपी का पता लगा जो ग्राम गुनेर निवासी संजू कुमेटी था। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने बताया कि पीड़िता से पूर्व परिचय का लाभ उठाते हुए उसके साथ दुष्कर्म करने और फिर उसकी हत्या कर दी। हत्या को अंजाम देने के लिए धारदार हथियार कुल्हाड़ी का इस्तेमाल किया था। एसपी ने बताया कि बालिका हत्या प्रकरण के आरोपी को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है एवं विवेचना जारी है। आरोपी की पहचान ग्राम गुनेर निवासी संजू कुमेटी के रूप में हुई है। आरोपी ने पीड़िता से पूर्व परिचय का लाभ उठाते हुए पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने के पश्चात उसकी हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। आरोपी से पूछताछ जारी है तथा घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की गहन जांच की जा रही है। मामले में वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों को संकलित किया जा रहा है।

### अग्रसेन धाम चौक के पास रविवार रात डेढ़ बजे की घटना

# भाजपा विधायक के बेटे ने कार से बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अग्रसेन धाम के पास भाजपा विधायक के बेटे ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार कार चलाते हुए एक बाइक को टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से बाइक चालक अपनी बाइक से उछलकर सड़क से दूर जा गिरा। कार की ठोकर लगने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार डीकेएस अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है, कार में एक युवती भी सवार थी।

कार की ठोकर लगने से तेलीबांधा निवासी त्रिभुवन सिंह घायल हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार त्रिफुवन अग्रसेन चौक के पास से गुजर रहा था, तभी तेज रफ्तार से आ रही कार बेकाबू होकर बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। मौके पर उपस्थित लोग पुलिस की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल के लिए रवाना हुए। बताया जा रहा है, हादसे के समय कार में दो युवक और दो युवतियां सवार थीं। टक्कर के बाद सभी लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस को मौके से कार से जुड़े कुछ अहम सुराग मिले हैं।

### युवक डीजे बजाकर छेरीखेड़ी से तेलीबांधा लौट रहा था





### पुलिस कर रही पूछताछ

घटना स्थल से भाग जाने के बाद पुलिस घटना स्थल पर उपस्थित लोगों के बयान के आधार पर कार चला रहे भाजपा विधायक के बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कार चला रहे युवक का नाम लक्की सिंह बताया जा रहा है। लक्की सिंह सरगुजा विधायक रेणुका सिंह का बेटा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार सवार नशे में थे। कार चला रहे युवक तथा कार में सवार लोगों के पुलिस ने नशे में होने की पुष्टि नहीं की है। कार सरगुजा के कौशलपुर निवासी जयप्रकाश उपाध्याय के नाम पर रजिस्टर्ड है।

#### त्रिभुवन डीजे बजाकर लौट रहा था

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक त्रिभुवन किसी कार्यक्रम में डीजी बजाने छेरीखेड़ी गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह अपने साथियों के साथ छेरीखेड़ी से लौट रहा था। इस दौरान हादसा हुआ।

# दो साल में महतारी वंदन में बांटे 14 हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, विगत दो वर्षों में छत्तीसगढ़ शासन ने महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों के जीवन में सकारात्मक और ठोस बदलाव लाने के लिए ऐतिहासिक पहल की है। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को सम्मान, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से 69 लाख से अधिक महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिला है और अब तक 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि उनके खातों में अंतरित की जा चुकी है। योजना का सामाजिक प्रभाव यह है कि बड़ी संख्या में महिलाएं अब पारिवारिक और आर्थिक निर्णयों में स्वतंत्र भूमिका निभा रही हैं। वहीं प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के तहत 4.81 लाख महिलाओं को 237 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है, जिससे छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

### महिला सुरक्षा एवं संरक्षण अग्रणी

उन्होंने कहा, राज्य में कुपोषण के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। महिला सुरक्षा एवं संरक्षण के क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मंत्री ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के माध्यम से हजारों महिलाओं और बच्चों को त्वरित सहायता प्रदान की गई है। बाल संरक्षण सेवाओं, दत्तक ग्रहण, फॉस्टर केयर और न्यायिक प्रकरणों के निराकरण में भी छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है।

### जरूरतमंदों के कल्याण के लिए प्रभावी कदम

समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पिछले दो वर्षों में समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों के कल्याण के लिए व्यापक एवं प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, विधवा एवं परित्यक्त महिलाएं तथा उभयलिंगी व्यक्तियों के सामाजिक पुनर्वास और आर्थिक सशक्तिकरण हेतु योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है।

### भगवान बाहुबली के पवित्र नाम का दुरुपयोग बंद हो

# गुंडे-बदमाशों को बाहुबली कहना गलत, सिविल सोसाइटी की आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले गुंडे-बदमाशों, गैंगस्टरों को बाहुबली नाम से नवाजा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने इस पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि बाहुबली जैन समुदाय के अराध्य हैं इसलिए उनके नाम का दुरुपयोग बंद होना चाहिए। सोसाइटी के संयोजक कुलदीप सोलंकी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है।

सिविल सोसाइटी के संयोजक डा. कुलदीप सोलंकी ने मोदी को भेजे गए पत्र में कहा है कि भगवान बाहुबली अहिंसा, तप, त्याग और आत्मसंयम के सर्वोच्च प्रतीक हैं। वे न केवल जैन समाज, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति में उच्च नैतिक मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं। वर्तमान समय में "बाहुबली" जैसे पवित्र नाम का प्रयोग अपराधी, गैंगस्टर और माफिया तत्वों के लिए किया जा रहा है। यह प्रवृत्ति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि इससे भगवान बाहुबली के सम्मान को ठेस पहुंचती है और जैन समाज की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। इस तरह के शब्द प्रयोग समाज में नकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा देते हैं और धार्मिक प्रतीकों का अनादर करते हैं। सरकार इस गंभीर विषय पर संज्ञान ले और स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करे कि भगवान बाहुबली एवं अन्य धार्मिक आराध्यों के नामों के आपत्तिजनक दुरुपयोग को दंडनीय अपराध घोषित किया जाए। इस प्रकार के ठोस कदम से सामाजिक सौहार्द्र, धार्मिक सम्मान और भारतीय सांस्कृतिक गरिमा की रक्षा संभव हो सकेगी।

# 7000 करोड़ की संपत्तियों में से 90 फीसदी वक्फ बोर्ड में अपलोड, अब दो महीने का वक्त बाकी




- चार हजार से ज्यादा संपत्तियां हैं, अब सिर्फ दो सौ के आसपास ही अपलोड के लिए बची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड की सात हजार करोड़ से ज्यादा की संपत्तियों को केंद्र सरकार के उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करने का काम अंतिम चरण पर है। वक्फ बोर्ड की चार हजार से ज्यादा संपत्तियां हैं, इनको अपलोड करना है। सभी संपत्तियों के अपलोड न हो पाने के कारण अपलोड करने के लिए बीते माह समय मांगा गया था, तब दो माह का समय दिया गया था। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का कहना है, तय समय में सभी संपत्तियों के अपलोड होने की संभावना है। बीच-बीच में नई संपत्तियों का पता लगने के कारण समय लग रहा है। जिन नई संपत्तियों की जानकारी मिल रही है, वह संपत्तियां सौ करोड़ से ज्यादा की होंगी।

केंद्र सरकार ने देशभर के सभी राज्यों में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को डिजिटल करने के लिए इनको उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करने का फैसला किया है। इस फैसले के बाद से ही हर राज्य के वक्फ बोर्ड अपनी संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ का वक्फ बोर्ड भी यह काम कर रहा है। जिन भी राज्यों की सारी संपत्तियां तय समय में अपलोड नहीं हो पा रही हैं, उनको समय दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ को भी दो माह का समय मिला है।

### 39 सौ संपत्तियां अपलोड

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने बताया वक्फ बोर्ड के पास सात हजार करोड़ से ज्यादा की चार हजार संपत्तियां हैं। इनको अपलोड करने का काम चल रहा है। अब तक करीब 39 सौ संपत्तियों को अपलोड करने का काम पूरा हो चुका है। करीब सौ संपत्तियों को अपलोड करना बचा है। उन्होंने बताया इसी के साथ कुछ जिलों ने नई संपत्तियों के बारे में भी जानकारी आ रही है तो उसकी जानकारी मंगा कर उसको भी अपलोड करने का काम किया जाना है। ऐसे में करीब दो सौ संपत्तियों को अपलोड करने का काम बचा है। डा. राज के मुताबिक सौ करोड़ से ज्यादा की नई संपत्तियां होंगी। उन्होंने कहा, तय समय में सभी संपत्तियों के अपलोड हो जाने की संभावना है। इसके बाद अगर किसी नई संपत्ति की जानकारी मिलेगी तो उसको भी अपलोड करने के लिए समय मांगना पड़ सकता है।

### पांच हजार करोड़ की संपत्तियों पर कब्जा

प्रदेश भर में वक्फ बोर्ड की जो संपत्तियां हैं, उनमें से पांच हजार करोड़ की संपत्ति पर तो कब्जा है। इस मामले में लगातार वक्फ बोर्ड कार्रवाई कर रहा है। संपत्ति पर कब्जा करने वालों को नोटिस देकर उनको संपत्ति का किरायानामा बनाने सहमत किया जा रहा है। बहुत से लोग इसके लिए सहमत भी हो गए हैं। जो सहमत नहीं होंगे, उनको संपत्ति से बेदखल किया जाएगा। संपत्तियों की जांच के लिए सीबीआई जांच की भी तैयारी लंबे समय से की जा रही है। इसका प्रस्ताव भी तैयार हो गया है।

# डीईओ नहीं बता पाए- कहां कितने शौचालय बने! टॉयलेट गिनने अब एक सप्ताह की मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- लोक शिक्षण संचालनालय में हुई प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक

लोक शिक्षण संचालानालय में सोमवार को प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक के एजेंडे पहले से ही निर्धारित कर दिए गए थे। जिला शिक्षा अधिकारियों को तय बिंदुओं के आधार पर रिपोर्ट बनानी थी। इसमें एक बिंदु शौचालय संबंधित भी था। सभी जिलों को निर्देशित किया गया था कि वे उनके जिलों के स्कूलों में निर्मित नवीन शौचालयों की संख्या बताएं। इसके अलावा कितने पुराने शौचालयों की मरम्मत की गई है, इसकी भी जानकारी मांगी गई। सोमवार को हुई बैठक में जिले शौचालय की संख्या पेश नहीं कर पाए। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, केवल कुछ ही जिले ऐसे रहे हैं, जिन्होंने अपनी रिपोर्ट पेश की। अधिकतर जिलों की शौचालय संबंधित रिपोर्ट अधूरी रही। अब जिला शिक्षा कार्यालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को एक सप्ताह की मोहलत दी है। इस अवधि में उन्हें यह गिनकर बताना होगा कि कितने नए शौचालयों का निर्माण शैक्षणिक सत्र 2025-26 में हुआ है।




### प्री बोर्ड की तैयारी को लेकर रहें गंभीर

बीते सत्र की तरह इस बार भी पांचवी-आठपीं की परीक्षाएं बोर्ड होंगी। दसवीं-बारहवीं की प्री बोर्ड परीक्षाओं के साथ 5वीं-8वीं प्री बोर्ड को लेकर भी गंभीरता बरतने कहा गया है। प्री बोर्ड परीक्षाएं 20 जनवरी तक स्कूलों में संपन्न करनी होगी। जिस दिन परीक्षाएं होंगी, उस दिन ही उत्तरपुस्तिकाएं जांचनी होंगी। परिणामों की जिला स्तर पर मॉनिटरिंग होगी। इन परिणामों को डीपीआई भी प्रेषित किया जाएगा, ताकि सभी जिलों की तुलनात्मक रिपोर्ट पेश करते हुए तैयारियों का खाका खींचा जा सके।

### 15 जून से पहले यू डायस अपडेटेशन

बैठक में जिन बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई थी, उससे संबंधित चर्चा के अलावा यू डायस कोड अपडेटशन के लिए भी निर्देशित किया गया। सभी जिलों को कहा गया है कि वे 15 जून से पहले सभी स्कूलों का यू डायस अपडेट कर लें। छात्रों के आधार कार्ड सहित आपार आईडी निर्माण भी 100 प्रतिशत करने कहा गया है। शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सभी स्कूलों में अनिवार्य करने और इसकी मॉनिटरिंग के भी निर्देश मिले हैं। जिला शिक्षा कार्यालयों से कहा गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति ऑनलाइन सिस्टम के जरिए ही दर्ज हो। न्यायालयीन प्रकरणों को शीघ्रता से निपटाने सहित अन्य निर्देश भी मिले हैं।

### एक दिन में दो परीक्षाएं! माशिम ने कहा-20 जनवरी तक प्रायोगिक लें

**रायपुर।** प्रदेश के शिक्षकों और प्राचार्यों को जो ना करना पड़ जाए वो कम है। माध्यमिक शिक्षा मंडल और लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी किए गए आदेश के बाद अब स्कूलों में एक दिन में दो-दो परीक्षाएं लेने की स्थिति निर्मित हो गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दिसंबर माह में ही प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि जारी करते हुए दिशा-निर्देश स्कूलों को दे दिए गए थे। स्कूलों से कहा गया था कि वे 1 से 20 जनवरी तक प्रायोगिक परीक्षाएं संपन्न करवाकर अंक प्रेषित करें। इसी बीच लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्री बोर्ड परीक्षाओं के संदर्भ में आदेश जारी कर दिया गया है। सभी जिलों से कहा गया है कि वे 15 जनवरी तक प्री बोर्ड परीक्षाएं संपन्न कर रिपोर्ट पेश करें। माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं डीपीआई के तालमेल के अभाव शिक्षकों में तनाव है।

### 175 करोड़ का बकाया इन उपभोक्ताओं पर, दी जाएगी राहत

# पौने तीन लाख बिजली कनेक्शन निष्क्रिय, नए कनेक्शन के लिए बकाया में 15 फीसदी की छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर में एक तरफ जहां बकाएदारों से छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी वसूली कर रही है, वहीं प्रदेश के उन पौने तीन लाख निष्क्रिय बिजली कनेक्शनों से बकाया वसूल कर नए कनेक्शन देने के लिए एक योजना लाई गई है। इस योजना में बकाया के कारण कटे कनेक्शन के कारण नया कनेक्शन नहीं मिल पाता। ऐसे में नया कनेक्शन चाहने वाले उपभोक्ताओं को अपने बकाया को जमा करने पर 15 फीसदी तक की छूट देने का फैसला किया गया है।

पॉवर वितरण कंपनी के मुताबिक प्रदेश में पौने तीन लाख से अधिक उपभोक्ता हैं, जिनके बिल लंबे समय से बकाया हैं। बिल बकाया होने के कारण उनके घरों व प्रापर्टी से बिजली मीटर निकाल कर वापस ले लिए गए हैं, उन्हें नया कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है। डीआरए (ड्यूज रिकवरी एक्ट) के तहत बिल बकाया होने पर उपभोक्ता को नोटिस दिया जाता है, फिर कनेक्शन काट दिया जाता है। उसके बाद भी बिल जमा नहीं करने पर उनके घर का मीटर निकाल लिया जाता है।



### समाधान योजना लागू

प्रदेश में दो लाख 76 हजार विद्युत उपभोक्ता हैं, जो निष्क्रिय की श्रेणी में हैं। उनसे पॉवर कंपनी के 175 करोड़ रुपए लेने हैं। कई ऐसे प्रकरण हैं, जिसमें उपभोक्ता का निधन हो गया है या फिर प्रापर्टी बिक गई है। उन्हें नया बिजली कनेक्शन तब तक नहीं मिल सकता है, जब तक उस भूमिस्वामी पर कोई बिजली बिल बकाया है। ऐसे उपभोक्ताओं के लिए समाधान योजना लागू की गई है, जिसमें उपभोक्ता को अपना बकाया जमा करने पर बकाया राशि का 10 से 15 प्रतिशत की छूट दी जाएग। अगर किसी उपभोक्ता का एक लाख बकाया होगा तो उसको 10 से 15 हजार रुपए कम देने होंगे।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



हिंसा की आड़ में दौड़ाकर फाड़ी थी वर्दी पुलिस ने निकाला जुलूस

# महिला पुलिसकर्मी से बदसलूकी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार
## पीड़िता के साथियों ने किया 'श्रृंगार', चेहरे पर पोती कालिख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

हरिभूमि फॉलोअप

बीते दिनों तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत हिंसा के आड़ में महिला पुलिसकर्मी को खेत में दौड़ा कर उसकी वर्दी फाड़ कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने सोमवार को मुख्य आरोपी चित्रसेन साव को गिरफ्तार किया। चक्रधरनगर चौक पर महिला पुलिसकर्मियों ने आरोपी को अर्धनग्न ▶▶|शेष पेज 6 पर



### पुलिस हमारा बाप है, वर्दी नहीं फाड़ूंगा

पैदल मार्च के दौरान आरोपी की सारी हेकड़ी निकल गई। पूरे शहर के सामने महिला पुलिसकर्मियों ने उसे उठक-बैठक भी कराया। इस दौरान आरोपी कह रहा था कि पुलिस हमारा बाप है, वर्दी नहीं फाड़ूंगा, महिला पुलिस जिंदाबाद..! इस दौरान कई महिला पुलिसकर्मी खुश नजर आईं तो कुछ आक्रोशित भी नजर आ रही थीं। अगर उनके उच्चाधिकारी उन्हें नहीं रोकते तो शायद आरोपी की कुटाई भी हो जाती।

### हमारी पुलिस की सारी महिलाएं खुश

हमारी पुलिस की सारी महिलाएं खुश हैं, क्योंकि आज मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। हमें कानून व्यवस्था पर पूरा विश्वास है कि उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। महिला अधिकारी हो, कर्मचारी हो या आम जनता हो महिला, महिला ही होती है। उसके साथ गलत करने वाले को सजा मिलनी ही चाहिए।
-दीपिका निर्मलकर, उप निरीक्षक महिला थाना प्रभारी

### पांच आरोपी पहले ही गिरफ्तार

महिला पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ने वाला मुख्य आरोपी चित्रसेन साव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों द्वारा उसका जुलूस निकाला गया। इस मामले में 5 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं यह 6वां था। एक आरोपी फरार है, उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
-गौरव साहू, थाना प्रभारी, घरघोड़ा

---

दिल्ली दंगा मामला: सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दी राहत, पांच अन्य को मिली जमानत

# उमर, शरजील की जमानत नामंजूर
## एक साल तक नहीं कर सकेंगे अपील

*सुप्रीम कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले के आरोपियों उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से सोमवार को इंकार कर दिया, लेकिन भागीदारी के स्तर के क्रम का हवाला देते हुए पांच अन्य को जमानत दे दी और कहा कि मामले में सभी आरोपी एक ही पायदान पर नहीं हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि खालिद और इमाम के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनता है। ये दोनों जेल में रहेंगे लेकिन अन्य आरोपियों गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को जमानत दी गई है। कोर्ट के अनुसार, मुकदमे में देरी कोई 'तुरुप का इक्का' नहीं है जो वैधानिक सुरक्षा उपायों को स्वतः ही दरकिनार कर दे। पीठ ने कहा, 'दोष के मामले में सभी याचिकाकर्ता समान पायदान पर नहीं हैं। अभियोजन पक्ष के मामले से उभरे सहभागिता के स्तर के क्रम के मद्देनजर न्यायालय को प्रत्येक याचिका की अलग-अलग समीक्षा करने की आवश्यकता है। उसने कहा कि आरोपियों के संबंध में बताई गई ▶▶|शेष पेज 6 पर

■ कोर्ट ने कहा- मामले में सभी आरोपी एक ही पायदान पर नहीं

**दिल्ली दंगों में गई थी 53 जानें**

उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे। क्षेत्र में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ व्यापक विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दंगों की साजिश से जुड़े मामले में उमर सहित अन्य आरोपियों को जमानत देने से दो सितंबर को इंकार कर दिया था। इसके बाद आरोपियों ने उस फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था।



**क्या है आरोप:** उमर खालिद, शरजील शमीम और अन्य आरोपियों पर फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों का "मुख्य साजिशकर्ता" होने का आरोप है। उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय न्याय संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### दिल्ली पुलिस बोली- सुनियोजित था दंगा

दिल्ली पुलिस ने जमानत याचिकाओं का जोरदार विरोध करते हुए कहा कि दंगे स्वतः नहीं हुए थे बल्कि ये भारत की संप्रभुता पर एक सुनियोजित, पूर्व-नियोजित और सुव्यवस्थित हमला थे। राजू ने दलील दी थी कि किसी भी साजिश में शामिल सभी लोग एक-दूसरे के कृत्यों के लिए उत्तरदायी हैं। उन्होंने कहा था, एक षड्यंत्रकारी के कृत्यों का आरोप दूसरों पर लगाया जा सकता है। शरजील इमाम के भाषणों का आरोप उमर खालिद पर लगाया जा सकता है। शरजील इमाम के मामले को दूसरों के खिलाफ सबूत के तौर पर माना जाएगा। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने दलील दी थी कि खालिद ने जानबूझकर दंगों से पहले दिल्ली छोड़ने की योजना बनाई थी क्योंकि वह जिम्मेदारी से बचना चाहता था।

विपक्षी नेताओं ने कही यह बात

### उमर, शरजील को जमानत नहीं, राम-रहीम को 15वीं बार पैरोल

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के सांसद जॉन ब्रिटास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, यह सिद्धांत कि 'जमानत नियम है, जेल अपवाद' कुछ खास व्यक्तियों के मामले में स्पष्ट रूप से लागू नहीं होता। ब्रिटास ने कहा, उमर खालिद को कोई जमानत नहीं मिल रही, कठोर यूएपीए कानून के तहत 5 साल से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया है, जबकि मुकदमा अभी शुरू भी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, इस बीच, बलात्कार के दोषी और हत्यारे गुरमीत राम रहीम सिंह (2017 में सजा सुनाई गई) को अभी 40 दिन की और पैरोल दी गई है, सजा के बाद जेल से उनकी 15वीं अस्थायी रिहाई।

### शरजील ने लगाई गुहार

मामले में जमानत की गुहार लगाते हुए शरजील इमाम ने न्यायालय के समक्ष इस बात पर आक्रोश व्यक्त किया था कि बिना किसी पूर्ण सुनवाई या एक भी दोषसिद्धि के उसे 'खतरनाक बौद्धिक आतंकवादी' करार दिया गया है। इमाम का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने अपने मुवक्किल के हवाले से कहा कि इमाम को 28 जनवरी 2020 को गिरफ्तार किया गया था जो उत्तर-पूर्वी दिल्ली में सांप्रदायिक हिंसा से पहले का समय है।

---

मुख्यमंत्री साय की पत्रवार्ता

# गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलेगा विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए सीएम साय ने कहा ▶▶|शेष पेज 6 पर

### मजदूरों को सीधे मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मनरेगा में पहले फर्जी मास्टर रोल, मशीनों के उपयोग और धांधली की शिकायतें मिलती थीं, जिन्हें यह नया अधिनियम स्वतः समाप्त करेगा। पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक मजदूरों को सीधे लाभ मिलेगा। यह अधिनियम ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### चार प्रमुख क्षेत्रों पर फोकस

विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के अंतर्गत चार प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जाएगा। इनमें जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन हैं। जल संरक्षण, नदी-नालों के सुधार, कटाव रोकने तथा सिंचाई संरचनाओं के विकास जैसे कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से कृषि, पशुपालन, मत्स्य ▶▶|शेष पेज 6 पर

# छत्तीसगढ़ में अब तुअर, उड़द, मूंग और सोयाबीन की एमएसपी पर होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नई दिल्ली

भारत सरकार के ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के दौरान छत्तीसगढ़ में दाल एवं तिलहनी फसलों की खरीद के लिए मूल्य समर्थन योजना लागू करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। केंद्रीय मंत्री द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ में निम्नानुसार ▶▶|शेष पेज 6 पर

■ केंद्रीय मंत्री शिवराज ने सीएम साय को भेजा पत्र

### साय ने केंद्र के निर्णय पर जताया आभार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्र सरकार के इस निर्णय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के हितों की सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एमएसपी पर खरीद की सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर किसानों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करेगी। इस निर्णय से राज्य के किसानों को आर्थिक ▶▶|शेष पेज 6 पर

---

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### लेन-देन विवाद, ट्रांसपोर्टर की पीट-पीटकर हत्या



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद नगर के उत्तर थाना क्षेत्र में धन के लेन-देन के विवाद में आगरा के एक ट्रांसपोर्टर की उसके साझीदार ने अपने साथियों की मदद से पीट-पीटकर कथित तौर पर हत्या कर दी। इस मामले में एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आगरा के महावीर नगर निवासी 50 वर्षीय बालमुकुंद दुबे साझीदारी में ट्रांसपोर्ट का कारोबार करते थे।

### पूर्व विश्व बिलियड्‌र्स चैंपियन मनोज का निधन



**कोलकाता।** पूर्व विश्व बिलियड्‌र्स चैंपियन मनोज कोठारी का सोमवार को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली स्थित एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और पुत्र सौरव कोठारी हैं। कोलकाता के कोठारी का 10 दिन पहले चेन्नई से 600 किलोमीटर दूर तिरुनेलवेली के कावेरी अस्पताल में लिवर प्रत्यारोपण हुआ था।

बांग्लादेश में दरिंदगी

# हिंदू विधवा के साथ गैंगरेप पेड़ से बांधकर काटे बाल

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ दरिंदगी की घटनाएं हर रोज और खौफनाक होती जा रही है। हिंदुओं की निर्मम हत्या के बाद अब एक महिला के साथ हैवानियत का वारदात सामने आई है। बांग्लादेश के झेनैदाह जिले के कलिगंज क्षेत्र में एक 40 वर्षीय हिंदू महिला के साथ दो शख्स ने गैंगरेप किया और फिर पेड़ से बांध दिया और उसके बाल काट दिए। पीड़ित महिला के पति की पहले ही मौत हो चुकी है। वह अपने बच्चे के साथ बांग्लादेश के झेनैदाह जिले में रहती हैं। पीड़िता ने कालिगंज पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार पीड़िता ने ढाई साल पहले नादिपारा में जिस शख्स से 20 लाख रुपए में 3 डिसिमल जमीन और दो मंजिला मकान खरीदा था, उसी ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर रेप किया। पीड़िता कालीगंज उपजिला की रहने वाली है और उसने नादिपारा निवासी शाहिन और उसके भाई से मकान खरीदा था। इस डील के बाद शाहिल पीड़ित महिला के प्रति बुरी नीयत रखने लगा और अश्लील व्यवहार भी करने लगा था।



### वीडियो बनकर वायरल किया

*शिकायत के मुताबिक महिला ने जब चीखने चिल्लाने की कोशिश की तो उसे पेड़ से बांध दिया गया। आरोपियों ने इसका भी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोपी उसे तब तक पीटते रहे जबतक की वह बेहोश नहीं हो गई। बाद में स्थानीय लोगों ने उसे छुड़ाया और पास के अस्पताल में भर्ती करवाया।*

### मेडिकल जांच में खुलासा

*अस्पताल प्रशासन ने बताया कि पहले तो महिला ने रेप की बात नहीं बताई हालांकि मेडिकल एग्जामिनेश में यौन उत्पीड़न की बात सामने आई। होश आने के बाद पीड़िता ने कालीगंज पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने पीड़िता को थाने बुलाया था और उसकी शिकायत दर्ज की है। जांच के बाद पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई करेगी।*

### एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या

बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह घटना जेस्सोर जिले के मोनिरामपुर में सोमवार की दोपहर की है, जब कट्टरपंथियों ने राणा प्रताप बैरागी नाम के हिंदू युवक की सरेआम गोली मारकर जान ले ली। पड़ोसी देश में चुनाव करीब हैं, लेकिन हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। राणा प्रताप बैरागी की हत्या को मिलाकर पिछले तीन हफ्ते में यह बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ हुई 5वीं वारदात है।

आंध्र प्रदेश के कोनासीमा में दहशत

# तेल कुएं में गैस रिसाव खाली कराए गए गांव

एजेंसी ▶▶| मोरी

आंध्र प्रदेश के डॉ.बी.आर. आंबेडकर कोनासीमा जिले में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) की उत्पादन इकाई दीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एक कुएं में गैप पाइपलाइन के रिसाव के कारण सोमवार को आग लग गई। घटना से किसी के भी घायल होने या मौत की कोई सूचना नहीं है। अधिकारी ने बताया कि गैस रिसाव और उसके बाद लगी आग के मद्देनजर, राजामुंद्री से ओएनजीसी के वरिष्ठ अधिकारी मोरी गांव पहुंचे।

### कोई रिहायशी बस्ती नहीं

यह कुआं एक दूरस्थ क्षेत्र में स्थित है, जिसके लगभग 600 मीटर के दायरे में कोई रिहायशी बस्ती नहीं है। तेल और गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ओएनजीसी ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र को सील कर दिया गया है, शीतलन अभियान शुरू कर दिए गए हैं।

# जल जीवन मिशन में बिल पास कराने सौदेबाजी का वीडियो...एसडीओ को नोटिस, तीन दिन में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जलजीवन मिशन में काम का बिल पास कराए जाने के नाम पर कथित रूप से रिश्वत लिए जाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर दुर्ग के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में पदस्थ पाटन प्रभारी और सहायक अभियंता मोहम्मद अलाउद्दीन का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पैसे की बात हो रही है। एक ठेकेदार उन्हें पैसा दे रहा है। ठेकेदार का नाम नवीन वर्मा बताया गया है। वीडियो अगस्त 2023 में बनाया गया था, जिसे अब वायरल किया गया है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

■ वीडियो अगस्त 2023 में बनाया गया था, बिल पास नहीं होने पर ठेकेदार ने कर दिया जारी



### संबंधित सहायक अभियंता को जारी किया नोटिस

संबंधित सहायक अभियंता एमए खान को नोटिस जारी किया गया है। उन्हें तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। वीडियो अगस्त 2023 का बताया गया है। उस समय मेरी पदस्थापना नहीं थी। तथ्यों का परीक्षण कराया जा रहा है। उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। जवाब आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।
-उत्कर्ष पांडेय, कार्यपालन अभियंता, पीएचई दुर्ग

### ठेकेदार ने इसलिए बनाया वीडियो

ठेकेदार नवीन ने बताया कि उसने 2022 से पाटन के ग्राम घुघवा में जलजीवन मिशन का काम किया। काम करीब 53 लाख रुपए का था। टंकी निर्माण के साथ घरों में पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन देना था। उसने पहले बिल को पास करने के लिए 1.60 लाख रुपए दिए। दूसरे बिल को पास करने में भी इतना ही कमीशन मांगा गया। अब ▶▶|शेष पेज 6 पर

24 घंटे के भीतर पारा में 5 डिग्री की गिरावट

# दो दिन की राहत के बाद पश्चिमोत्तर की शीतलहर ने बढ़ाई कंपकपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही एक बार फिर पश्चिमोत्तर की शीतलहर ने शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग को कंपकपा दिया है। मौसम विज्ञानी आने वाले दिनों में पारा में और अधिक गिरावट होने के साथ ही शीतलहर का प्रभाव जारी रहने की संभावना जता रहे हैं।

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से पिछले दो दिनों तक बादलों की आवाजाही से ठंड से ▶▶|शेष पेज 6 पर

■ घने कोहरे से दोपहर तक थमा रहा जनजीवन



### लगातार पहुंच रही ठंडी हवाएं

रविवार की शाम से ही लगातार पश्चिमोत्तर की ठंडी हवाएं पहुंच रही है जिसके कारण तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है। आगामी 3 दिनों तक मौसम के यथावत रहने की संभावना है।
-अक्षय मोहन भट्ट, मौसम विज्ञानी

### मैनपाट का पारा 1 डिग्री

शीतलहर के प्रभाव से पठारी क्षेत्रों का बुरा हाल है तथा पठारी क्षेत्रों का पारा 1 डिग्री पहुंच गया है। सोमवार को मैनपाट स्थित आलू अनुसंधान केन्द्र में इस साल पहली बार न्यूनतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। पारा में तेज गिरावट होने के कारण घास के मैदानों में पाला की सफेद चादर बिछ गई थी। पठारी क्षेत्र सामरी पाट एवं लहसून पाट में भी पाला का व्यापक असर देखा गया। इसके पूर्व जनवरी में मैनपाट का पारा 2.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था।

### पारा में 5 डिग्री की गिरावट

पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रवाह से चालू सत्र में सोमवार को पहली बार 24 घंटे के भीतर न्यूनतम पारा में 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। इसके पूर्व पारा में कभी इतनी अधिक गिरावट नहीं आई थी। पारा में तेज गिरावट होने के साथ ही एक बार फिर शहर सहित पूरा सरगुजा संभाग शीतलहर की चपेट में है। कंपकंपी बढ़ने के कारण दिन में भी ठंड से राहत नहीं है जिसके कारण लोगों को हीटर एवं अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है।

## चिंतन

# बहकावे में आकर देशविरोधी साजिश रचना गंभीर मसला

आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने भी दिल्ली दंगा मामले में आरोपित उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं देकर दिल्ली पुलिस की मजबूत चार्जशीट और सरकार की आतंक विरोधी नीति पर अपनी मुहर लगा दी। यह फैसला आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ सरकार की नीति को और मजबूत करता है। अदालत ने कहा कि आतंकी कृत्यों को केवल हिंसा तक सीमित नहीं किया जा सकता, बल्कि इसमें आवश्यक सेवाओं में व्यवधान और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा भी शामिल है। यह फैसला दर्शाता है कि किसी के बहकावे में आकर देशविरोधी गतिविधियां चलाने और साजिश रचने के कितने गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 'आतंकवादी कृत्य' केवल अंतिम परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें साजिश और उकसावे की पूरी प्रक्रिया भी शामिल होती है। इससे आर्थिक असुरक्षा और नागरिक जीवन में अस्थिरता पैदा होती है, भले ही इस प्रक्रिया में हिंसा न की गई हो। शीर्ष कोर्ट ने दिल्ली दंगों 'बड़े षड्यंत्र' मामले में आरोपियों द्वारा दायर जमानत याचिकाओं पर अपने फैसले में, 1967 अधिनियम की धारा 15(1) (ए) का उल्लेख करते हुए किसी अन्य माध्यम से वाक्यांश के अवशिष्ट अर्थ को रेखांकित किया और बम, डायनामाइट, विस्फोटक पदार्थों, ज्वलनशील पदार्थों, आग्नेयास्त्रों, अन्य घातक हथियारों, जहरीली, हानिकारक गैसों, अन्य रसायनों या किसी अन्य पदार्थ (चाहे जैविक, रेडियोधर्मी, परमाणु या अन्यथा) के उपयोग से किए गए आतंकी कृत्यों को परिभाषित किया है। हालांकि अदालत ने पांच अन्य आरोपितों को 12 शर्तों के साथ जमानत भी दी है। इनमें गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद शामिल हैं। उमर और शरजील मामले में कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, सभी आरोपितों के साथ एक जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता। दोनों एक साल तक इस मामले में जमानत याचिका भी दाखिल नहीं कर पाएंगे। यह फैसला दिल्ली दंगों से जुड़े बड़े साजिश के मामले में आया है, जिसमें दोनों पर यूएपीए के तहत मामला दर्ज है। कोर्ट ने कहा, उमर खालिद और शरजील इमाम की भूमिका अन्य आरोपियों से अलग और अधिक गंभीर प्रकृति की है। उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया आरोप स्थापित होते हैं। लंबे समय तक हिरासत में रहना अपने आप में जमानत का आधार नहीं बन सकता। यह फैसला कई मायनों में महत्वपूर्ण है। पहला, यह यूएपीए के तहत दर्ज मामलों में जमानत के मानकों को स्पष्ट करता है। यूएपीए की धारा 43डी(5) जमानत देने के सामान्य प्रावधानों से अलग है। इसमें न्यायिक जांच की आवश्यकता होती है। दूसरा, यह फैसला आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ सरकार की नीति को मजबूत करता है। आतंकी कृत्यों को केवल हिंसा तक सीमित नहीं किया जा सकता, बल्कि इसमें आवश्यक सेवाओं में व्यवधान व अर्थव्यवस्था के लिए खतरा भी शामिल है। हालांकि, यह फैसला कई सवाल भी खड़े करता है। क्या खालिद व शरजील को जमानत नहीं मिलने से उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है? क्या यूएपीए का इस्तेमाल सरकार द्वारा विरोधियों को चुप कराने के लिए किया जा रहा है? इन सवालों का जवाब देना हालांकि मुश्किल है, लेकिन यह स्पष्ट है कि यह फैसला कई मायनों में महत्वपूर्ण है। बहकावे में आकर देशविरोधी साजिश रचना एक गंभीर मसला है। देश की सुरक्षा और एकता को खतरा पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

# अचंभित दुनिया, बेलगाम ट्रंप



**वेनेजुएला घटनाक्रम**
डॉ घनश्याम बादल

> जिस तरह ट्रंप ने अमेरिका में बैठकर कोलंबिया और मेक्सिको के राष्ट्रपतियों को भी धमकी दी वह और भी ज्यादा चिंताजनक परिस्थितियों की ओर संकेत करता है। ट्रंप का यह अभियान उसी 'रूल्स-बेस्ड ऑर्डर' का शव परीक्षण है, जिसकी दुहाई पश्चिम दशकों से देता आया है। भले ही ट्रंप मादुरो पर ड्रग तस्करी एवं आतंक को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सच कुछ और ही है। यदि ऐसे आरोप के आधार पर अमेरिका यह कार्रवाई करता है तो फिर उसका पहला टारगेट पाकिस्तान होना चाहिए था, लेकिन आतंकिस्तान का नाम पा चुके इस देश को वह गोद में बैठाकर रखता है। वहां के सेना अध्यक्ष को लोकतांत्रिक सरकार को एक तरफ करते हुए लंच पर बुलाता है। ऐसे में वह दोहरी नीति क्यों अपनाता है।

लोकतंत्र के स्वयं भू ठेकेदार और दुनियाभर में थानेदारी करने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी सिलविया फ्लोरेस के साथ बेडरूम से घसीट कर, बंधक बनाकर हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर डिटेंशन सेंटर में रखा है वह एक तानाशाह, वैध या अवैध राष्ट्रपति का अपहरण मात्र नहीं बल्कि वेनेजुएला के प्रतीक रूप में दुनिया भर के लोकतंत्र की आत्मा का अपहरण एवं प्रताड़ना है। इसके अलावा वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति को धमकी देना और समर्थन करने वाले राष्ट्रों को धमकाना भी ट्रंप की तानाशाही को दर्शाता है। बेलगाम ट्रंप के इन कदमों से पूरी दुनिया अचंभित है।

जब किसी संप्रभु देश का राष्ट्रपति खुले तौर पर यह कहता है कि उसने दूसरे संप्रभु देश में सैन्य या अर्धसैन्य अभियान चलाकर वहां के राष्ट्राध्यक्ष को बंधक बनाया, तो यह केवल एक देश की कार्रवाई नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और वैश्विक व्यवस्था की सामूहिक अवहेलना बन जाती है। यह वही अमेरिका है जो दुनिया को लोकतंत्र, मानवाधिकार और कानून का पाठ पढ़ाता रहा है। वैसे यह पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी अमेरिका का ताकत प्रदर्शन का यह चेहरा पहले भी कई बार सामने आ चुका है। चिली, पनामा, ग्वाटेमाला, अफगानिस्तान, वियतनाम, ईरान व इराक जैसे कितने ही देश में अमेरिका ने मनमाने आरोप लगाकर वहां के शासकों को सत्ता से बेदखल किया।

एब्सोल्यूट रेजोल्यूशन नाम के इस अभियान के बाद जिस तरह ट्रंप ने अमेरिका में बैठकर कोलंबिया और मेक्सिको की राष्ट्रपतियों को भी धमकी दी वह और भी ज्यादा चिंताजनक परिस्थितियों की ओर संकेत करता है। ट्रंप का यह अभियान उसी 'रूल्स-बेस्ड ऑर्डर' का शव परीक्षण है, जिसकी दुहाई पश्चिम दशकों से देता आया है। भले ही डोनाल्ड ट्रंप मादुरो पर ड्रग तस्करी एवं आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सच कुछ और ही है। यदि ऐसे आरोप के आधार पर अमेरिका यह कार्रवाई करता है तो फिर उसका पहला टारगेट पाकिस्तान होना चाहिए था, लेकिन आतंकिस्तान का नाम पा चुके इस देश को वह गोद में बैठाकर रखता है। वहां के सेना अध्यक्ष को एक तरफ करते हुए लंच पर बुलाता है। अमेरिका की कथनी करनी में यह फर्क कोई पहली बार परिलक्षित नहीं हुआ है यह उसकी बहुत पुरानी फितरत रही है। यदि गहराई में जाया जाए तो इस अभियान का मूल राजनीतिक कारण है अपनी मनमाफिक सत्ता-परिवर्तन की ज़िद। और साथ ही साथ पेट्रोलियम, सोने एवं हीरे जैसे बहुमूल्य खनिजों की संपदा से मालामाल इस देश पर कब्जा करने की उसकी गिद्ध दृष्टि है। वैसे वेनेजुएला के साथ अमेरिका का संघर्ष कोई एक दिन का नहीं है। ह्यूगो चावेज़ के समय से ही वाशिंगटन की असहजता जगज़ाहिर रही है। निकोलस मादुरो उस असहजता की निरंतरता हैं। अमेरिका को समस्या केवल मादुरो से नहीं, बल्कि उस राजनीतिक



मॉडल से है जो अमेरिकी प्रभाव से बाहर निकलकर संसाधनों पर राष्ट्रीय नियंत्रण और सामाजिक राज्य की बात करता है।

ट्रंप के कृत्य से साफ है कि लोकतंत्र का सवाल केवल एक औज़ार था, असली लक्ष्य सत्ता-परिवर्तन। जब चुनाव, प्रतिबंध और कूटनीति काम नहीं आए, तो सीधा हस्तक्षेप ही अमेरिकी राजनीति का नंगा सच है।

इस घटनाका आर्थिक पक्ष तेल, डॉलर और सत्ता पर नियंत्रण है। वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े प्रमाणित तेल भंडारों में से एक है। यह तथ्य इस पूरे घटनाक्रम की चाबी है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था और उसकी वैश्विक हैसियत तेल, डॉलर और नियंत्रण के त्रिकोण पर टिकी है। वेनेजुएला का अपने तेल संसाधनों पर संप्रभु नियंत्रण और चीन-रूस जैसे देशों से बढ़ता सहयोग, अमेरिका के लिए रणनीतिक चुनौती था। ट्रंप का अभियान दुनिया भर के देशों को खुला धमकी भरा संदेश है कि ऊर्जा संसाधनों पर स्वतंत्र नीति अपनाने की कीमत चुकानी पड़ती है। यह संदेश केवल वेनेजुएला के लिए नहीं, बल्कि उन तमाम देशों के लिए है जो वैश्विक आर्थिक ढांचे में अपनी शर्तों पर जीना चाहते हैं। अमेरिकी हस्तक्षेप के पीछे केवल राजनीति और अर्थशास्त्र नहीं, एक गहरी सांस्कृतिक मानसिकता भी है। उसके पीछे की धारणा है कि अमेरिका को जो उचित लगे, वही वैश्विक नैतिकता है और जो उसे चुनौती दे उसे नेस्तनाबूद करना उसके लिए अनैतिक नहीं है। लैटिन अमेरिका का इतिहास इस मानसिकता का शिकार रहा है चिली, ग्वाटेमाला, पनामा, निकारागुआ और अब वेनेजुएला। हो सकता है इसके बाद कोलंबिया और मैक्सिको की भी बारी आए। जिसकी झलक ट्रंप के उस अभियान भरे बयान के बाद मिल रही है, जिसमें उन्होंने मेक्सिको के राष्ट्रपति को अपनी जान की परवाह करने की खुली धमकी दी है। ख़ैर कल जो होगा सो होगा। अभी तो वेनेजुएला के घटनाक्रम का विश्व पर क्या प्रभाव पड़ेगा है इसका आकलन करना ज़रूरी है

राष्ट्रपति को बंधक बनाना केवल एक व्यक्ति का अपहरण नहीं, पूरे राष्ट्र की संप्रभुता का अपहरण है। इससे वेनेजुएला के भीतर राजनीतिक अस्थिरता बढ़ेगी, सामाजिक ध्रुवीकरण गहराएगा और हिंसा की आशंका प्रबल होगी। वहां का आम नागरिक जो पहले ही प्रतिबंधों, महंगाई और अभावों से जूझ रहा है अब और असुरक्षित महसूस करेगा। लोकतंत्र का दावा करने वाली ताक़तों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि आम जनता उनके एजेंडे में सबसे आख़िर में आती है। भले ही तात्कालिक रूप से रूस चीन ब्रिटेन व यूरोपीय यूनियन के देश ने इस घटनाक्रम की आलोचना की है, लेकिन सच यह भी है कि यह आलोचना केवल शाब्दिक निंदा तक ही सीमित रहने वाली है। इस घटनाक्रम ने भारत के सामने भी गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। भारत परंपरागत रूप से संप्रभुता, गैर-हस्तक्षेप और बहुध्रुवीय विश्व का पक्षधर रहा है। वेनेजुएला के साथ भारत के ऊर्जा संबंध भी रहे हैं। नैतिकता की दृष्टि से भारत के लिए चुप रहना आसान नहीं होगा, लेकिन किसी पक्ष का अंध समर्थन भी भारत की गुटनिरपेक्ष रणनीति के ख़िलाफ़ होगा, लेकिन यह सोचकर कि वेनेजुएला हमसे बहुत दूर का देश है इस मुद्दे पर चुप्पी खींच लेने से भारत की इमर्जिंग वर्ल्ड पावर की छवि पर भी एक बड़ा निशान खड़ा होगा। अमेरिका के इस दबंग कृत्य से संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय कानून और कूटनीति सब हाशिये पर जाते दिखाई दे रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि वेनेजुएला की घटना केवल एक देश की त्रासदी नहीं, वैश्विक लोकतंत्र की परीक्षा की घड़ी है। जब सेना हथियार और आर्थिक ताक़त को नीति और अपहरण को कूटनीति बना दिया जाए, तो दुनिया अराजकता की ओर बढ़ती है। आज वेनेजुएला है, कल कोई और होगा। सवाल यह नहीं कि अगला कौन, सवाल यह है कि क्या दुनिया इसे रोकने का साहस दिखाएगी?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## इंदौर की चेतावनी

सुनील कुमार महला



# प्रदूषित जल से जन-जीवन पर गहराता जा रहा संकट

कहा गया है कि 'जल ही जीवन है।' लेकिन जल किसी की जान ले लें तो यह बहुत दुःखद ही कहा जाएगा। हाल ही में देश के सबसे साफ शहर माने जाने वाले इंदौर में गंदा पानी पीने से अब तक करीब 17 लोगों की मौत हो चुकी है। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार फिलहाल शहर के 41 अस्पतालों में कुल 203 मरीजों का इलाज चल रहा है और इनमें से 34 लोगों को आईसीयू में रखा गया है। अच्छी बात यह है कि गंदे पानी पीने से उल्टी-दस्त फैलने के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और मरीजों को जरूरी मेडिकल सुविधा दी जा रही है। हालांकि, लोकल लोगों का दावा है कि गंदे पानी से छह महीने के एक बच्चे समेत कुल 17 लोगों की जान गई है। यह घटना मुख्यतः शहर के कुछ इलाकों में हुई, जहां सीवर लाइन और जलापूर्ति पाइपलाइन में लीकेज/क्रॉस-कनेक्शन के कारण दूषित पानी घरों तक पहुंचा। इस पानी के सेवन से लोगों को तेज दस्त, उल्टी, बुखार और डिहाइड्रेशन जैसी गंभीर समस्याएं हुईं तथा जांच में पानी में हानिकारक बैक्टीरिया (जैसे ई-कोलाई) पाए गए, जो मानव मल से फैलते हैं। भारत ही नहीं, आज विश्व स्तर पर दूषित जल एक गंभीर मानव-स्वास्थ्य और विकास समस्या बना हुआ है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि विश्व तथा भारत-दोनों स्तरों पर दूषित जल (वाटर पोल्यूशन) के कारण लगभग समान हैं, हालांकि जनसंख्या घनत्व, औद्योगिकीकरण और प्रबंधन की कमी के कारण भारत में इनका प्रभाव अधिक गंभीर रूप में दिखाई देता है। प्रमुख कारणों में प्रमुख रूप से औद्योगिक अपशिष्टों, घरेलू सीवेज और मलजल,कृषि रसायनों का अत्यधिक उपयोग,ठोस कचरा और प्लास्टिक प्रदूषण,धार्मिक और सामाजिक गतिविधियां, खनन और निर्माण गतिविधियां तथा भूजल का प्राकृतिक व मानवजनित प्रदूषण आदि को शामिल किया जा सकता। यह बहुत ही दुखद है कि आज विभिन्न कल-कारखानों से निकलने वाला रासायनिक कचरा, भारी धातुएं (सीसा, पारा, आर्सेनिक), रंग, एसिड और विषैले तत्व बिना पर्याप्त शोधन के नदियों, झीलों और भूजल में छोड़ दिए जाते हैं। इससे जल न केवल पीने योग्य नहीं रहता, बल्कि जलीय जीवन भी नष्ट होता है।

जल प्रदूषण का एक सबसे बड़ा और गंभीर कारण प्लास्टिक माना जा रहा है। आधुनिक जीवनशैली में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है जैसे पॉलीथिन बैग, बोतलें, पैकेजिंग सामग्री और डिस्पोज़ेबल वस्तुएं आदि। जिसके परिणामस्वरूप आज हमारी नदियों, झीलों और समुद्रों में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक पहुंच रहा है। पाठक जानते हैं कि प्लास्टिक जैव-अपघटित नहीं होता, बल्कि सैकड़ों वर्षों तक जल में बना रहता है। धीरे-धीरे माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है। ये सूक्ष्म कण जलीय जीवों द्वारा निगल लिए जाते हैं, जिससे उनकी मृत्यु होती है और अंततः यही विषैले कण खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मानव शरीर तक पहुंचते हैं। इसके अलावा प्लास्टिक जल प्रवाह को बाधित करता है, नालों को जाम करता है और जल स्त्रोतों की प्राकृतिक शुद्धता को नष्ट करता है। इसलिए प्लास्टिक प्रदूषण न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बन चुका है। आज दूषित जल की समस्या वैश्विक है, लेकिन भारत में कचरा प्रबंधन की कमजोरी इसे और गंभीर बनाती है। हमारा देश एक धार्मिक देश है और हमारे यहां नदियों, झीलों, पानी के विभिन्न स्त्रोतों आदि में मूर्तियों का विसर्जन, पूजा सामग्री, अस्थि विसर्जन और सामूहिक स्नान जैसी गतिविधियां जल में रसायन, रंग और जैविक कचरा बढ़ाती हैं, जिससे जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। निष्कर्षतः, हम यहां यह बात कही सकते हैं कि आज विश्व और भारत दोनों में दूषित जल की समस्या मानव गतिविधियों का ही परिणाम है। यदि समय रहते प्रभावी जल प्रबंधन, अपशिष्ट शोधन और जन-जागरूकता नहीं बढ़ाई गई, तो यह समस्या भविष्य में और भी भयावह रूप ले सकती है। यदि हम यहां जल से संबंधित आंकड़ों की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ के अनुसार आज भी दुनिया में लगभग 2.2 अरब लोग सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल सेवा से वंचित हैं, यानी उन्हें ऐसा पानी नहीं मिल पाता जो घर पर उपलब्ध, निरंतर और दूषण-मुक्त हो। इनमें से करीब 1.7 अरब लोग ऐसे जल स्त्रोतों का उपयोग करते हैं, जिनमें मल-जनित प्रदूषण का जोखिम रहता है, जबकि लगभग 115 मिलियन लोग सीधे नदियों, तालाबों और झीलों जैसे सतही जल पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि दूषित पानी के सेवन से हर वर्ष लगभग 5 लाख से अधिक लोगों की मौत होती है, जो एक गंभीर समस्या है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित
**दर्शन**

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# कोयल- अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पानी में भी भ्रष्टाचार का जहर तो नहीं मिल गया?

प्राणी जाति के लिए साफ-सथुरा पानी अमृत है तो दूषित पानी जहर होता है, इसका सेवन करने से बचें। अक्सर देश के विभिन्न राज्यों में दूषित पानी लोगों की सेहत का दुश्मन बन जाता है। आजकल वो शहर इंदौर जिसे स्वच्छ भारत अभियान में नंबर वन का खिताब मिला है, वहां दूषित पानी से लोगों की मौत सुर्खियां बनी हुई हैं। अगर सबसे स्वच्छ स्थान का ही यही हाल बेहाल है तो बाकी राज्यों का क्या हाल होगा? लेकिन सवाल तो यह है कि आखिर पानी दूषित कैसे हो जाता है? क्या पानी की सप्लाई के लिए जो व्यवस्था है, उसकी समय-समय पर जांच नहीं की जाती? या फिर संबंधित विभाग के बाबुओं को मोटी सैलरी से ही मतलब है? कहीं इसमें भी भ्रष्टाचार तो नहीं हो रहा है? *- विवेक पटनायक, रायगढ़*

## ट्रेंड

### हमारी महान संस्कृति



हमारी महान संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत अनगिनत हमलों की भी साक्षी रही है। यह देशवासियों की सामूहिक शक्ति ही है, जिसने हमारी सांस्कृतिक धरोहर को हमेशा अक्षुण्ण रखा है।
वनानि दहतो वह्नेः सखा भवति मारुतः।
स एव दीपनाशाय कृशे कस्यास्ति सौहृदम॥

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### समुद्र सुरक्षित



एक सुरक्षित और स्वच्छ समुद्र ही सुरक्षित व्यापार, सुरक्षित जीवन और सुरक्षित पर्यावरण की गारंटी देता है। ऐसे में 'समुद्र प्रताप' जैसे प्लेटफॉर्म समुद्री सुरक्षा को प्रभावी रूप से सुनिश्चित करते हैं।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### जनता की पैरवी करूंगी



चुनाव आयोग व्हाट्सएप पर चलाया जा रहा है। जब से एसआईआर शुरू हुई है, डर के मारे 70 लोगों की मौत हो चुकी है। जरूरत पड़ने पर मैं सुप्रीम कोर्ट जाऊंगी और जनता के लिए पैरवी करूंगी। जनता की आवाज उठाउंगी।

**-ममता बनर्जी, सीएम पश्चिम बंगाल**

### यह हमारा निजी मामला



धर्मेंद्र के निधन के बाद मेरे परिवार द्वारा दो अलग-अलग प्रार्थना सभाएं आयोजित करने का निर्णय निजी मामला था। हमने आपस में बात की थी। मैंने अपने घर पर एक प्रार्थना सभा रखी, क्योंकि मेरे करीबी लोग अलग हैं और उनके अलग।

**-हेमा मालिनी, अभिनेत्री व सांसद**

## करंट अफेयर

# इमरान से जुड़ा गाना गाने पर गायक के खिलाफ मामला दर्ज



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने एक कार्यक्रम के दौरान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से जुड़ा गाना गाने के आरोप में एक पेशेवर गायक और उसकी टीम के खिलाफ मामला दर्ज किया। पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया, 'शनिवार रात लाहौर के शालीमार गार्डन में सरकार द्वारा प्रायोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान 'कैदी नंबर 804' गाना गाने के आरोप में जाने-माने कव्वाल फराज अमजद खान और उनकी टीम के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।' उन्होंने बताया कि गायक और उनकी टीम ने सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम को राजनीतिक रंग देकर 'जनता को भड़काने' की कोशिश की क्योंकि यह गाना जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान से जुड़ा है। प्राथमिकी के मुताबिक, "विवादित गीत से अशांति और हिंसा भड़कने का खतरा था। संगीत और सांस्कृतिक संध्या 'चांदनी रातें' का आयोजन लाहौर प्राधिकरण द्वारा किया गया था। दूसरी ओर, गायक फराज अमजद खान ने पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज से उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया और कहा कि उन्हें इस 'इमरान समर्थक गीत' को गाने के लिए धमकाया गया था।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

भारतीय मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

# ठंड-कोहरे का डबल अटैक! छग सहित कई राज्यों में शीतलहर का अलर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने देश के बड़े हिस्सों में घने से बहुत घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत में अगले 4-5 दिनों के दौरान सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की बहुत संभावना जताई है।

आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, पूर्वी राजस्थान, झारखंड, पश्चिमी राजस्थान, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में 06-07 जनवरी के दौरान कोहरा देखने को मिलेगा। जबकि मध्य प्रदेश, बिहार और गंगीय पश्चिम बंगाल में 06 जनवरी, 2026 को शीत दिवस की स्थिति रहने की बहुत संभावना है। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी राजस्थान, पूर्वी राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड में 06 और 07 जनवरी, 2026 को शीतलहर चलने की संभावना है।

### उत्तर भारत में जनजीवन प्रभावित

*बता दें कि जनवरी की शुरुआत के साथ ही उत्तर भारत और कुछ मध्य तथा देश के पूर्वी हिस्सों में ठंड बढ़ गई है, जिससे लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। इस बीच आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश और पंजाब में बहुत घना कोहरा देखने को मिल सकता है। जिसमें दृश्यता यानी विजिबिलिटी काफी कम हो सकती है।*

### इन राज्यों में भी कोहरे का असर

*मौसम विभाग के मुताबिक, असम, मेघालय, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 6 जनवरी को घना कोहरा छाया रहेगा। कोहरे की वजह से सड़क, रेल एवं हवाई यातायात प्रभावित हो सकता है।*

## देश के बड़े हिस्से में ठंड व कोहरे से लोग परेशान



### दिल्ली व यूपी के कई शहरों में शीतलहर का प्रकोप

उत्तर प्रदेश के कई जिलों में 6 जनवरी को शीतलहर का असर देखने को मिलेगा। अयोध्या, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, बरेली, अमेठी, और आगरा में शीतलहर का कहर रहेगा। वहीं, पंजाब के भी कई जिलों में शीतलहर की स्थिति रहेगी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 6 जनवरी को सुबह के समय कोहरा छाया रहेगा। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ दोपहर तक धूप खिलने के आसार हैं।

### पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी इलाकों में बढ़ी मुसीबत

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पिछले 24 घंटों से हल्की से मध्यम बर्फबारी जारी है। कश्मीर की घाटी में पारा शून्य से कई डिग्री नीचे (जैसे गुलमर्ग में -6.5C) बना हुआ है। पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाओं ने पंजाब हरियाणा और राजस्थान में ठिठुरन बढ़ा दी है। उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में जमीन पर पाला पड़ने की भी संभावना है, जो फसलों के लिए नुकसानदेह हो सकता है।

### राजस्थान में जमा देने वाली ठंड और शीतलहर

राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र और माउंट आबू जैसे इलाकों में तापमान जमाव बिंदु के पास पहुच गया है। चुरू और सीकर जैसे जिलों में शीतलहर का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। बिहार में कड़ाके की ठंड ने जनजीवन की रफ्तार रोक दी है। पटना सहित कई जिलों में शीत दिवस की घोषणा की गई है। यहा सुबह के समय विजिबिलिटी बेहद कम रहने के कारण सड़क हादसों का खतरा बढ़ गया है। वहीं, झारखंड में भी शीतलहर की शुरुआत हो चुकी है, जहा आने वाले दो दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### 'एसआईआर में अमानवीय व्यवहार के खिलाफ कोर्ट जाएंगे'



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा केवल झूठ फैलाने में विश्वास करती है। गंभीर रूप से बीमार लोगों को भी वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेसिव रिविजन (एसआईआर) के दौरान मतदान केंद्र पर वैधता साबित करने के लिए कतारों में खड़ा किया गया। हम एसआईआर के दौरान लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार और मौतों के खिलाफ मंगलवार को कोर्ट में याचिका दायर कर रहे हैं। ममता ने पूछा अगर कोई अपने बूढ़े माता-पिता को पहचान साबित करने के लिए लाइन में खड़ा कर दे, तो भाजपा नेताओं को कैसा लगेगा? ममता ने दावा किया कि जब से एसआईआर शुरू हुआ है, डर के मारे कई लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य अस्पताल में भर्ती हैं।

### गोवा : आप के कई बड़े नेताओं ने छोड़ी पार्टी

**पणजी।** गोवा में आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमित पालेकर, कार्यवाहक राज्य प्रमुख श्रीकृष्ण परब और तीन अन्य पदाधिकारियों ने अपने पदों से इस्तीफा देते हुए पार्टी छोड़ दी। इन सामूहिक इस्तीफों को पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमित पालेकर ने एक्स पर लिखा कि मैं आज आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं। यह फैसला मैंने काफी सोच-विचार के बाद और साफ मन से लिया है। पद से अधिक सिद्धांत मायने रखते हैं। सत्ता से अधिक मकसद मायने रखता है। मैं अपने विश्वासों और गोवा के लोगों के साथ खड़ा रहना चाहता हूं। यह सफर जारी रहेगा। पालेकर, श्रीकृष्ण परब और गोवा आम आदमी पार्टी युवा विंग के अध्यक्ष रोहन नाइक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने इस्तीफे की घोषणा की। यह इस्तीफे हाल ही में गोवा में हुए जिला पंचायत चुनावों में आप के खराब प्रदर्शन के कुछ दिन बाद हुए हैं।

### यूपी : कांस्टेबल पद की उम्र सीमा में 3 साल की छूट

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में निकली मौजूदा कांस्टेबल की भर्ती को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बड़ा ऐलान किया है। दरअसल, सोमवार (05 जनवरी 2026) को सीएम योगी ने यह घोषणा कर दी कि प्रदेश में कुल 32679 रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स को अधिकतम उम्र सीमा में अब 3 साल की छूट दी जाएगी। यही वर्ग सोशल मीडिया के जरिए लगतातार यह अधिकतम उम्र सीमा में छूट की मांग कर रहा था। सीएम के इस ऐलान के बाद यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती में जनरल कैटेगिरी के उम्मीदवारों के लिए उम्र सीमा 18 साल से लेकर 25 साल हो जाएगी जो कि अभी तक बस 22 साल थी। यह पुरुष उम्मीदवारों के लिए होगा। वहीं महिला उम्मीदवारों के लिए उम्र सीमा 18-28 वर्ष होगी। बदले गए नियमों के मुताबिक, सभी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम उम्र सीमा में 3 साल की छूट का प्रावधान है। सरकार के इस आदेश के बाद इस भर्ती के लिए आवेदन बढ़ने की संभावना है।

दोनों देशों के बीच कई महीनों से चल रहा है टैरिफ विवाद

वित्तीय रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# ट्रंप के पक्ष में भारत, रूस से तेल खरीद में की गई रिकॉर्ड गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारत और अमेरिका के बीच कई महीनों से टैरिफ का विवाद चल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति लगातार भारत पर रूस से तेल खरीद बंद करने का दवाब बना रहे थे। कई बार ट्रंप खुले तौर पर यह बात कह चुके हैं। भारत के साथ ही कई यूरोपीय देशों से ट्रंप ने रूस से तेल नहीं खरीदने को कहा था। अब वित्तीय वर्ष की रिपोर्ट में हैरान करने वाला खुलासा हुआ है।*

भारत ने वित्तीय वर्ष 2025 के शुरुआती 8 महीनों में अमेरिका से तेल के आयात को 92 फीसदी बढ़ा दिया। इसके अलावा दूसरी तरफ इसी साल रूस से आयात में गिरावट का ट्रेंड देखा गया।

अक्टूबर 2025 में भारत ने रूस से तेल आयात 38% मूल्य और 31% मात्रा में घटाया, जो अब तक की सबसे तेज गिरावट है। लेकिन खास बात ये है कि प्रतिशत बढ़ोत्तरी के लिहाज से अमेरिका से तेल आयात बढ़ा है लेकिन जहाँ तक मात्रा का सवाल है भारत ने रूस से मिलने वाले तेल की कीमतों के मद्देनज़र, 2025 में रूस से आयात जारी रखा।

**-38% मूल्य और 31% मात्रा में रूस से घटा तेल आयात**

**92 फीसदी बढ़ाया भारत ने अमेरिका से तेल आयात**



### 7.7 मिलियन टन तेल की खरीद

बता दें कि नवंबर 2025 में भारत ने रूस से 7.7 मिलियन टन तेल मंगाया जो कि इसी महीने एक साल पहले 2024 में मंगाए गए 7.2 मिलियन टन से करीब 6.8% ज्यादा है। लेकिन जहां नवंबर 2024 में अमेरिका से मात्र 1.1 मिलियन टन की खरीद हुई थी वही खरीद साल भर बाद नवंबर 2025 में 2.8 मिलियन टन हो गई जो कि 144% की बढ़ोत्तरी है। गत नवंबर में अमेरिका द्वारा रूस की दो बड़ी कंपनियों रोजनेफ्ट और ल्यूक्वाइल पर अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बाद दिसंबर 2025 से रूस से होने वाली तेल की निर्यात में कमी देखी गई है।



### रूस के ग्राहकों पर दबाव डालना जरूरी

ट्रंप की ये टिप्पणी तब आई जब 'एयर फोर्स वन' में उनके साथ ट्रैवल कर रहे अमेरिकी सांसद लिंडसे ग्राहम ने कहा कि ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ ही वह 'बड़ी वजह' है जिसकी वजह से भारत अब रूस से काफी कम तेल खरीद रहा है। ग्राहम ने अपने शुल्क विधेयक के बारे में बात की जिसमें रूसी तेल खरीदने वाले देशों से आयात पर 500% शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के ग्राहकों पर दबाव डालना आवश्यक है। ट्रंप ने कहा कि प्रतिबंधों से रूस को बहुत नुकसान हो रहा है और फिर उन्होंने भारत का जिक्र किया।

### पीएम मोदी ने मुझे खुश करने ऐसा किया : ट्रंप

*रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से भारत को चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जानते थे कि मैं भारत के रूसी तेल खरीदने से खुश नहीं हूं और अमेरिका कभी भी भारत के खिलाफ टैरिफ में बढ़ोतरी कर सकता है। ग्लोबल अनिश्चितताओं के बीच ट्रंप का यह बयान काफी अहम माना जा रहा है। ट्रंप ने ये कमेंट्स रविवार को फ्लोरिडा से वाशिंगटन डीसी जाते समय 'एयर फोर्स वन' (विमान) में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान किए। ट्रंप ने कहा, 'वे (भारत) वास्तव में मुझे खुश करना चाहते थे। मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं। वह नेक दिल हैं। उन्हें पता था कि मैं खुश नहीं था और मुझे खुश करना उनके लिए महत्वपूर्ण था। वे व्यापार करते और हम उन पर कभी भी टैरिफ बढ़ा देते। यह उनके लिए बहुत बुरा होगा।'*

# चुनाव ड्यूटी में कोर्ट स्टाफ की तैनाती, कमिश्नर को फटकार




**मुंबई।** चुनाव ड्यूटी के लिए अदालतों के कर्मचारियों की तैनाती को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के आयुक्त भूषण गगरानी को कड़ी फटकार लगाई है। हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद आयुक्त ने खुद स्वीकार किया कि कोर्ट स्टाफ को चुनाव ड्यूटी के लिए बुलाना उनकी गलती थी।

मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखाड की पीठ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बीएमसी आयुक्त ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर आदेश जारी किए। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा आपको खुद को बचाना चाहिए। आपके पास कोर्ट कर्मचारियों को बुलाने का कोई अधिकार नहीं है। हाईकोर्ट ने पिछले सप्ताह स्वतः संज्ञान लेते हुए बीएमसी आयुक्त द्वारा अधीनस्थ अदालतों के कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी के लिए बुलाने संबंधी सभी पत्रों पर रोक लगा दी थी। साथ ही आयुक्त को निर्देश दिया गया था कि वह हाईकोर्ट या अधीनस्थ अदालतों के किसी भी कर्मचारी से चुनाव ड्यूटी के लिए संपर्क न करें।

**बीएमसी आयुक्त की गलती पर भड़का हाईकोर्ट**

### प्रशासनिक भूल माना

सोमवार को सुनवाई के दौरान बीएमसी आयुक्त की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रवि कदम ने अदालत को बताया कि आयुक्त ने अपने आदेश वापस ले लिए हैं और इसे एक प्रशासनिक भूल माना है। इसके बाद कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि अब चुनावों के लिए अन्य स्रोतों से व्यवस्थाएं की जाएं। कोर्ट ने यह भी याद दिलाया कि वर्ष 2008 में हाईकोर्ट की प्रशासनिक समिति ने स्पष्ट फैसला लिया था कि हाईकोर्ट और अधीनस्थ अदालतों के सभी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी से मुक्त रहेंगे। संविधान के अनुच्छेद 235 के तहत अधीनस्थ अदालतों और उनके कर्मचारियों पर पूरा नियंत्रण हाईकोर्ट का ही होता है। अगली सुनवाई चुनावों के बाद तीन सप्ताह के लिए स्थगित कर दी है, लेकिन साथ ही यह साफ संदेश दे दिया है कि न्यायिक व्यवस्था में किसी भी तरह का प्रशासनिक हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा।




### रुपया आठ पैसे गिरकर 90.28 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपये में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और यह आठ पैसे टूटकर 90.28 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। मजबूत अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजारों में सुस्ती से रुपये पर दबाव पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप के बाद उत्पन्न हुई भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने विश्व स्तर पर डॉलर की मांग को बढ़ावा दिया। हालांकि कच्चे तेल की गिरती कीमतों ने भारतीय मुद्रा को निचले स्तर पर थोड़ा समर्थन दिया।

# टेबल पर दिखा नोटों का ढेर, मचा सियासी बवाल

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बारासात इलाके में एक वायरल वीडियो ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। इस वीडियो में बारासात 1 पंचायत समिति के उपाध्यक्ष मोहम्मद गियासुद्दीन मंडल दिखाई दिए। पैसों के पहाड़ के पीछे वह एक व्यवसायी के साथ बैठे दिखे. वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वयरल हो रहा है, जिससे राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

वीडियो में जो पैसों का पहाड़ दिखाई दिया, उसमें कुर्सी पर बैठे उस व्यवसायी, राकिबुल इस्लाम का चेहरा लगभग ढक गया था। उनके बाईं ओर गियासुद्दीन बैठे थे। राकिबुल को फोन पर किसी से बात करते सुना गया। उन्हें कहते सुना गया, 'कई मॉडल हैं। नकद में लेगा या फाइनेंस में?' कुछ देर बाद एक व्यक्ति नायलॉन का बैग लेकर उपस्थित हुआ. उस बैग में भी पैसे भरे गए।

**टीएमसी नेता का वायरल वीडियो!**



### लेनदेन में भूमिका न होने का दावा

वीडियो सामने आते ही विवाद शुरू हो गया है। हालांकि गियासुद्दीन ने बताया कि वीडियो 2022 का है। एक का लेन-देन चल रहा था। वह सिर्फ बगल में बैठे थे। लेन-देन में उनकी कोई भूमिका नहीं है। व्यवसायी राकिबुल ने बताया कि जमीन की खरीद-बिक्री के पैसे गिने जा रहे थे। स्थानीय तृणमूल नेतृत्व ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अगर कोई दोष साबित होता है तो कार्रवाई की जाएगी।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस के घर पर हमला, टूटीं खिड़कियां

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला हुआ है। अमेरिका के ओहायो स्थित जेडी वेंस के आवास पर एक शख्स ने अचानक हमला कर दिया। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार आरोपी अचानक जेडी वेंस के घर में तोड़फोड़ करने लगा। हालांकि हमले के समय जेडी वेंस वहां मौजूद नहीं थे। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि हमले में घर की कई खिड़कियां तोड़ दी गईं। इसके बाद सीक्रेट सर्विस और लोकल पुलिस ने कार्रवाई की। सोमवार सुबह सीक्रेट सर्विस के एजेंट ईस्ट वॉलनट हिल्स स्थित घर पहुंचे और एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। हालांकि अधिकारियों ने अभी तक यह पुष्टि नहीं की है कि आरोप लगाए गए हैं या नहीं। पुलिस ने लोकल मीडिया आउटलेट डब्लूसीपीओ को बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है, लेकिन उसने और कोई जानकारी नहीं दी।

**पुलिस ने हिरासत में लिया संदिग्ध को**



### हमले के समय घर पर नहीं था परिवार

रिपोर्ट के अनुसार एक अधिकारी ने बताया कि घटना के समय वेंस परिवार घर पर नहीं था। यह घटना नए साल के दौरान इलाके में बढ़ाई गई सुरक्षा के बाद हुई है। शहर के अधिकारियों के अनुसार वेंस के घर के आसपास की सड़कें रविवार तक कई दिनों तक बंद थीं, चेकपॉइंट बनाए गए थे और निवासियों से कानून का पालन करने को कहा गया था।

## गणतंत्र दिवस परेड में इस बार दिखेगा बेहद खास नजारा

# कर्तव्य पथ पर कदमताल करेंगे सेना के मूक योद्धा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस परेड में इस बार कर्तव्य पथ पर बेहद खास नजारा देखने को मिलेगा। बताया जाता है, परेड में पहली बार बड़े स्तर पर पशु दस्ते भाग लेंगे। यह पशु दस्ते सेना की ताकत दिखाने के अलावा यह दर्शाएंगे कि राष्ट्रीय सुरक्षा में उनका योगदान कितना अहम है।

इस विशेष दस्ते में दो बैक्ट्रियन ऊंट, चार जांस्कर पोनी, चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स), भारतीय नस्ल के 10 श्वान और 6 पारंपरिक सैन्य श्वान शामिल होंगे। दस्ते की अगुवाई दो कूबड़ वाले बैक्ट्रियन ऊंट करेंगे। इनसे दूरदराज के दुर्गम इलाकों में रसद पहुंचाने में मदद मिलती है।

**पहली बार दिखेगी ऊंट, घोड़े और श्वानों की अनोखी ताकत**

### चार शिकारी पक्षी भी होंगे शामिल

परेड में शामिल चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स) सेना की नई और स्मार्ट सोच दिखाते हैं। इनका इस्तेमाल अग्रिम क्षेत्रों में निगरानी और हवाई सुरक्षा से जुड़े कामों में किया जाता है। रैप्टर शब्द लैटिन के रैपेरे से बना है, जिसका अर्थ पकड़ना या लूटना होता है। यह काम इनके मिजाज के साथ मेल खाता है। फिलहाल सेना इनको एंटी ड्रोन वॉरफेयर के लिए तैयार कर रही है। सियाचिन की बर्फीली चोटियों से लेकर लद्दाख के ठंडे रेगिस्तान तक इन पशुओं ने चुप रहकर मजबूती से अपना फर्ज निभाया है।

**दस्ते की अगुवाई करेंगे दो कूबड़ वाले बैक्ट्रियन ऊंट**



### कारगिल के दुर्लभ स्वदेशी घोड़े

इसके बाद परेड में कदम से कदम मिलाकर चलेंगे कारगिल की जांस्कर घाटी में पाए जाने वाले दुर्लभ स्वदेशी घोड़े। छोटे आकार के बावजूद इनमें जबरदस्त ताकत व सहनशक्ति होती है। यह शून्य से 40 डिग्री कम तापमान और बहुत ऊंचाई वाले इलाकों में 40 से 60 किलो वजन लेकर चल सकते हैं। साल 2020 से यह सियाचिन जैसे कठिन क्षेत्रों में सैनिकों के साथ सेवारत हैं। सेना ने बताया कि कई बार यह एक दिन में 70 किलोमीटर तक गश्त करते हैं।

### स्वदेशी श्वानों का दिखेगा दस्ता

परेड में सेना की स्वदेशी नस्लों के श्वान भी शामिल होंगे। यह आतंकरोधी अभियानों, बारूदी सुरंगों की पहचान, खोजबीन और आपदा राहत में सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। कई बार इन कुत्तों ने अपनी जान की परवाह किए बिना सैनिकों की जान बचाई है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सेना मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पीपराई, कोम्बई और राजापलायम जैसे स्वदेशी श्वानों को भी बड़े स्तर पर शामिल कर रही है।

ITM UNIVERSITY
ITM University®
A UGC Recognized Private University u/s 2(f) of UGC Act 1956, established by C.G. Pvt. University (Establishment & Operation) Act 2005, Amendment Act of 2011, Member - Association of Indian Universities & Accredited by NAAC.
ITM University, Raipur invites applications from distinguished Academicians, Researchers & Industry Personnel for teaching & administrative positions.
ACADEMIC POSITIONS
Professor, Associate Professor, Assistant Professor
Full Time/Adjunct/Visiting Faculty required in the area of -
• Computer Science Engineering • Management • Commerce
• Law • Life Science • Psychology • Hotel Management • Librarian
• English and Mathematics.
Educational Qualification & Experience as per UGC norms.
ADMINISTRATIVE POSITIONS
• Dean- Academics • Registrar
• Asst. Registrar - Academics/ Admissions
• Deputy Registrar- Academics/ Admissions • Assistant Manager-ERP
• Academic Coordinator • Admissions Manager
• Training & Placement - Executive/ Manager / Senior Manager
• Marketing Executive • Executive - Operations • Data Analyst/MIS Person
Salary is not a constraint for deserving candidates.
For detailed information regarding vacancies and application procedure, please visit the University Website - www.itmuniversity.org
Interested candidates may email their updated resume to
careers@itmuniversity.org
by 30th January 2026, clearly mentioning the applied job position in the subject line.
Campus: ITM University, Village Uparwara, Nava Raipur, CG.- 492002
Contact: 9109110154

**खबर संक्षेप**



## अवांसे ने राइट्स इश्यू से जुटाए 1200 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** गैर-वित्तीय वित्तीय कंपनी (एनबीसी) अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज ने राइट्स इश्यू के जरिये मौजूदा शेयरधारकों वारबर्ग पिंकस, केदारा कैपिटल और अल्फा इन्वेस्टमेंट कंपनी एलएलसी से 1200 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि पूंजी जुटाने का यह कदम शेयरधारकों के मजबूत विश्वास एवं विविध वित्तपोषण आधार बनाने के लिए अवांसे के अनुशासित दृष्टिकोण को दर्शाता है जो पूंजी जुटाने की उसकी रणनीति के अनुरूप है। अवांसे ने घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय शिक्षा क्षेत्रों में मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं तथा सशक्त निष्पादन क्षमताओं के समर्थन से भारतीय छात्रों की शैक्षणिक आकांक्षाओं को साकार करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए लगातार सतत विकास हासिल किया है।

## बीओएम का तिमाही ऋण 20 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का अक्टूबर-दिसंबर 2025 में कुल ऋण सालाना आधार पर 19.61 प्रतिशत बढ़कर 2.73 लाख करोड़ रुपये हो गया।




बीओएम ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 2024 की इसी तीसरी तिमाही के अंत में बकाया ऋण 2.29 लाख करोड़ रुपये था। कुल ऋण में 1.02 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट ऋण और 1.71 लाख करोड़ रुपये के आरएएम (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) अग्रिम शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप, बैंक के कुल कारोबार (कुल ऋण व जमा) में 17.24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 31 दिसंबर 2024 के अंत में 5.08 लाख करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 5.95 लाख करोड़ रुपये हो गया।

# टेस्ला से छिन गया नंबर-1 का ताज, ग्राहकों को भाई चीन की बीवाईडी इलेक्ट्रिक कार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया में इलेक्ट्रिक कारों को मेनस्ट्रीम बनाने टेस्ला सबसे आगे रही है। हालांकि, मार्केट में टेस्ला से पहले भी इलेक्ट्रिक कारें मौजूद थीं। लेकिन जिस तरह से इस अमेरिकी कंपनी ने टेक्नोलॉजी, परफॉर्मेंस और ब्रांड वैल्यू को मिलाकर ईवी की इमेज बदली, उसने पूरी ऑटो इंडस्ट्री की दिशा बदल दी। शुरुआती दौर में कुछ गिने-चुने कस्टमर ही टेस्ला के साथ जुड़े थे, लेकिन धीरे-धीरे यही ब्रांड ग्लोबल ईवी मार्केट का सबसे बड़ा नाम बन गया। हालांकि, जनवरी 2026 में तस्वीर बदलती हुई नजर आ रही है। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चीनी कंपनी बीवाईडी ने टेस्ला को पछाड़कर दुनिया की नंबर-1 इलेक्ट्रिक कार निर्माता बनने का दावा ठोक दिया है। आंकड़ों पर नजर डालें तो 2025 का साल टेस्ला के लिए अच्छा नहीं रहा। एलन मस्क की कंपनी ने पूरे साल में करीब 16.4 लाख इलेक्ट्रिक कारें और एसयूवी बेचीं। यह 2024 के मुकाबले करीब 9 प्रतिशत कम है। हैरानी की बात यह है कि 2024 में भी टेस्ला की बिक्री 2023 के मुकाबले घटी थी। यानी गिरावट का सिलसिला लगातार जारी है। वहीं, दूसरी तरफ बीवाईडी ने जबरदस्त छलांग लगाई। चीनी ईवी मेकर ने 2025 में करीब 22.5 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की जो सालाना आधार पर 28 प्रतिशत की ग्रोथ दिखाती है।

## वर्ष 2025 में करीब 22.5 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की बीवाईडी ने

### रेस में चीनी कंपनियों का दबदबा

इस रेस में इस समय चीनी कंपनियों का दबदबा साफ दिख रहा है। चीन अब कार एक्सपोर्ट के मामले में जापान को भी पीछे छोड़ चुका है। किफायती कीमत, लंबी रेंज और दमदार परफॉर्मेंस की वजह से बीवाईडी समेत कई चीनी ब्रांड्स यूरोप जैसे मुश्किल बाजारों में भी तेजी से पॉपुलर हो रहे हैं। इसके उलट टेस्ला को कई मोर्चों पर चुनौती मिल रही है। अमेरिका में ही रिवियन और लूसिड जैसी कंपनियां टेस्ला को कड़ी टक्कर दे रही हैं जिससे उसका मार्केट शेयर और क्रेज दोनों प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, बीवाईडी लगातार नई टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर फोकस करते हुए आगे बढ़ रही है।



### क्या कर रही है टेस्ला

इस बीच एलन मस्क का ध्यान सिर्फ टेस्ला तक सीमित नहीं है। उनके पास स्पेसएक्स, रोबोटैक्सी, ह्यूमनॉइड रोबोट्स, टेस्ला एनर्जी, बोरिंग कंपनी और X (पूर्व में ट्विटर) जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। जानकार मानते हैं कि टेस्ला की बिक्री में गिरावट की एक बड़ी वजह अमेरिका में ईवी सब्सिडी का खत्म होना भी है जिसमें ग्राहकों को 7,500 डॉलर तक का फायदा मिलता था। भारत की बात करें तो टेस्ला ने हाल ही में यहां एंट्री की है और मॉडल वाई को 59.9 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) कीमत पर लांच किया है। हालांकि, चीन के शंघाई प्लांट से सीबीयू के रूप में आयात की गई इस कार को भारतीय ग्राहकों से फिलहाल ठंडी प्रतिक्रिया ही मिली है।

### कंपनी का मूल्यांकन 2,400 करोड़ रुपए आंका गया, संगीत व मनोरंजन के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी है यूएमजी

# मनोरंजन क्षेत्र की एक्सेल एंटरटेनमेंट में 30% हिस्सेदारी खरीदेगी यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया ने फिल्म एवं डिजिटल कंटेंट स्टूडियो एक्सेल एंटरटेनमेंट में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की सोमवार को घोषणा की। इससे रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा स्थापित इस कंपनी का मूल्यांकन 2,400 करोड़ रुपये आंका गया है।

■ यूएमआई एक्सेल में अल्पांश शेयरधारक बन जाएगी

संगीत-मनोरंजन के क्षेत्र में विश्व की अग्रणी कंपनी यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप (यूएमजी) की इकाई यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया (यूएमआई) ने कहा कि उसने प्रस्तावित लेनदेन के लिए एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यूएमआई ने बयान में कहा, ''समझौते के तहत एक्सेल का मूल्य 2,400 करोड़ रुपये (25.7 करोड़ यूरो) आंका गया है जिसके तहत यूएमआई एक्सेल में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ एक महत्वपूर्ण अल्पांश शेयरधारक बन जाएगी।''



### गीत के वैश्विक वितरण अधिकार यूएमजी को प्राप्त होंगे

समझौते के अनुसार, एक्सेल के स्वामित्व या नियंत्रण वाली परियोजनाओं के लिए भविष्य में बनाए जाने वाले सभी मूल गीत के वैश्विक वितरण अधिकार यूएमजी को प्राप्त होंगे। इस समझौते के तहत एक्सेल नाम से अलग से संगीत ब्रांड की शुरुआत भी की जाएगी जिसका वैश्विक वितरण यूएमजी द्वारा किया जाएगा।

### नई रणनीतिक साझेदारी की नींव रखी जाएगी

इस समझौते से यूएमआई और एक्सेल के बीच एक नई रणनीतिक साझेदारी की नींव रखी जाएगी। इससे एक्सेल की वृद्धि में तेजी आएगी और महत्वपूर्ण भारतीय बाजार में यूएमआई की स्थिति और मजबूत होगी। इस समझौते के तहत, यूनिवर्सल म्यूजिक भारत तथा दक्षिण एशिया के चेयरमैन एवं सीईओ तथा अफ्रीका, पश्चिम एशिया तथा एशिया के रणनीति विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवराज सान्याल एक्सेल एंटरटेनमेंट के निदेशक मंडल में शामिल होंगे।

### एक्सेल एकदम सही भागीदार

*सान्याल ने कहा, ''भारतीय फिल्म जगत संगीत एवं उससे जुड़े मनोरंजन व्यवसाय के लिए एक बेहद रोमांचक अवसर प्रस्तुत करता है और भविष्य में काम करने के लिए एक्सेल एकदम सही भागीदार है।'' बयान में कहा गया कि एक्सेल के संस्थापक रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर रचनात्मक दिशा एवं विषयवस्तु संबंधी निर्णयों में अपना योगदान देना जारी रखेंगे।*

### भारत का मनोरंजन क्षेत्र लगातार मजबूत हो रहा

एक्सेल एंटरटेनमेंट के संस्थापक रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने कहा कि भारत का मनोरंजन क्षेत्र लगातार मजबूत होता जा रहा है और सार्थक वैश्विक सहयोग बनाने का यह बिल्कुल सही समय है। उन्होंने कहा कि यूएमजी के साथ साझेदारी ''वास्तव में रचनात्मक एवं परिवर्तनकारी गठबंधन होगा, एक ऐसा गठबंधन जो संगीत, फिल्म तथा उभरते प्रारूपों में कलाकारों एवं प्रदर्शनों के लिए नए अवसर खोलेगा।''

### एक्सेल को वैश्विक स्टूडियो में बदलना

एक्सेल एंटरटेनमेंट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विशाल रामचंदानी ने कहा, ''नवाचार एवं उत्कृष्टता के लिए एक साझा दृष्टिकोण के साथ, हमारा लक्ष्य एक्सेल को एक रचनात्मक वैश्विक स्टूडियो में बदलना है। एक ऐसा स्टूडियो जो विभिन्न मंचों और भौगोलिक क्षेत्रों के दर्शकों के लिए लीक से हटकर मौलिक सामग्री पेश करता है।''

### एक्सेल की स्थापना 1999 में हुई थी

एक्सेल की स्थापना 1999 में रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने की थी। इन्होंने मिलकर मनोरंजन उद्योग में 60 पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए हैं। स्टूडियो ने 2001 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दिल चाहता है' से लेकर अब तक 40 से अधिक फिल्में और मौलिक पटकथा रिलीज की हैं।

## सेल की बिक्री दिसंबर में 37% बढ़कर 21 लाख टन के पार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी सेल की बिक्री बीते महीने सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 21 लाख टन रही। इस्पात विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उसने दिसंबर 2024 में 15 लाख टन की बिक्री हासिल की थी।

■ दिसंबर महीने में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन

सेल ने कहा, ''दिसंबर महीने के लिए यह अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है और कंपनी ने उत्पाद श्रेणी और अलग-अलग बिक्री चैनल में नई ऊंचाइयों को छुआ है, साथ ही भंडार में भी काफी कमी आई है।'' ग्राहकों को डिलीवरी पर मजबूत ध्यान बनाए रखने से प्रदर्शन को बढ़ावा मिला। माह के दौरान प्रदर्शन ने सेल को वित्त वर्ष 2025-26 में अपनी वृद्धि की रफ्तार बनाए रखने में मदद की। वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-दिसंबर) तक बिक्री 1.47 करोड़ टन तक पहुंच गयी, जो एक साल पहले की इसी अवधि के 1.26 करोड़ टन की तुलना में लगभग 17 प्रतिशत अधिक है।

### सेल के तहत छह शीर्ष इस्पात संयंत्र

इस्पात मंत्रालय के तहत आने वाली भारतीय इस्पात प्राधिकार लिमिटेड (सेल) भारत की शीर्ष छह इस्पात बनाने वाली कंपनियों में से एक है। इसकी कुल क्षमता दो करोड़ टन से ज्यादा है।

## नेटवर्क18 व सीएनएन ने करार वर्ष 2035 तक के लिए बढ़ाया




**नई दिल्ली।** मीडिया कंपनी नेटवर्क18 ने अपने प्रमुख अंग्रेजी समाचार चैनल सीएनएन-न्यूज18 के लिए सीएनएन इंटरनेशनल के साथ अपनी साझेदारी को अगले 10 वर्ष के लिए बढ़ाया है। संयुक्त बयान के अनुसार, ब्रांड और सामग्री लाइसेंसिंग समझौते को एक और दशक के लिए 31 दिसंबर 2035 तक बढ़ा दिया है। नेटवर्क18 और सीएनएन इंटरनेशनल के बीच पहली बार 2005 में साझेदारी की गई थी जिसे 2015 में बढ़ाया गया और अब इसे 2035 तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

# सोने में 960 रुपए और चांदी में 2,600 रुपए की तेजी दर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक रुख को देखते हुए सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 960 रुपये बढ़कर 1,40,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,39,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी सोमवार को तेजी जारी रही और



यह 2,600 रुपये बढ़कर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। शुक्रवार को चांदी 2,41,400 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। व्यापारियों ने कहा कि भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने के कारण सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने से सोना और चांदी दोनों में तेजी आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''भू-राजनीतिक तनाव के जोखिम की वजह से सोने और चांदी में बढ़त हुई। इस तनाव के कारण सर्राफा मांग बढ़ी है और सर्राफा कीमतों को हवा दे रहा है। खासकर वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई के बाद यह तनाव बढ़ गया है।'' गांधी ने कहा कि कोलंबिया और मेक्सिको को लेकर भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों ने लैटिन अमेरिका में संभावित क्षेत्रीय अस्थिरता से जुड़ी चिंताएं बढ़ा दी हैं, जिससे पारंपरिक सुरक्षित निवेश की मांग और बढ़ गई है।

### राजनीतिक जोखिम बढ़ने से सराफा में तेजी

*मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हिरासत में लिए जाने के बाद भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने से हाजिर सोना 4,420 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा है।''*

## आईईएक्स का कारोबार 11% बढ़कर 34 अरब यूनिट पार

**नई दिल्ली।** बिजली खरीद-बिक्री बाजार इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) का अक्टूबर-दिसंबर में कुल कारोबार 11.9 प्रतिशत बढ़कर 34.08 अरब यूनिट रहा। आईईएक्स ने बयान में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में एक्सचेंज ने 18.63 लाख नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्रों (आरईसी) का कारोबार किया जो पिछले वर्ष की तुलना में 29.8 प्रतिशत की गिरावट है।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 790/वाहन /2025 दिनांक 02.01.2026

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा विभिन्न वाहनों के संचालन हेतु वाहन चालक (सीवर सक्शन/ जेटिंग मशीन), हेल्पर (वाहन) प्रदाय करने के लिए निविदाकारों से फार्म "बी" ई-प्रोक्युरमेंट (E-Tendring) के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न सीवर सक्शन / जेटिंग मशीनों के संचालन हेतु वाहन चालक एवं वाहन हेल्पर प्रदाय करने बाबत। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 47.96 | 23.01.2026 (T.No. 182857) |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

**अधीक्षण अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email-sepwdkanker.2010@rediffmail.com/
se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन कार्य हेतु दिनॉक 20.01.2026 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 197 | 175404 | जिला कांकेर के कांकेर मे अग्निशमक एवं आपातकालीन सेवाऐं अंतर्गत फायर स्टेशन भवन एवं गैरेज निर्माण कार्य। | 104.51 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 20.01.2026 है।

नोट :- प्रथम आमंत्रण

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर**
**मण्डल कांकेर**

जी. 252605821/4

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 182866/निविदा सूचना क्र. 07 / व.ले.लि./ 2025-26 दि. 02.01.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 23.01.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम-महानदी परियोजना अंतर्गत लवन शाखा नहर के वितरक शाखा क्र. 01 का कोण्डापार माईनर, रसौटा माईनर एवं केशला माईनर का रिमॉडलिंग, सी.सी. लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर्स का पुर्ननिर्माण/जीर्णोद्धार कार्य।

अनुमानित लागत-रू. 754.62 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर) (एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025))


अन्य शासन विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 09.01.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

**कार्यपालन अभियता**
**जल प्रबंध संभाग क्र. 2. बलौदाबाजार**
**कृते-मुख्य अभियंता महानदी परियोजना**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

जी. 252605809/1

## शब्द पहेली - 6100



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

**शब्द पहेली- 6099 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | हू | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ठ | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |

## सूडोकु नवताल - 6110

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6109 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

जांच रिपोर्ट में 140 से ज्यादा पाई गई थीं बड़ी गड़बड़ियां, इनमें कितनों का किया निराकरण, इसका खुलासा भी नहीं

# संशोधित मास्टर प्लान 2031 गायब, जांच हुए 15 महीने बीते गड़बड़ियों को सुधारने का दावा पर लागू अब तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में लागू होने वाला संशोधित मास्टर प्लान 2031 डंप हो गया है। वर्ष 2023 में तत्कालीन कांग्रेस शासन काल में लागू हुए नए मास्टर प्लान में थोक में छोटी-बड़ी गड़बड़ियां पाई गई थीं, जिसका खुलासा शासन स्तर पर गठित की गई जांच कमेटी की रिपोर्ट में हुआ था।

इस रिपोर्ट में बड़ी गड़बड़ियां ही 140 से अधिक बताई गई थीं, जिसका निराकरण करने के बाद संशोधित मास्टर प्लान को लागू किया जाना था, लेकिन इसकी जांच हुए 15 महीने बीत चुके हैं। इस जांच रिपोर्ट का शासन स्तर पर परीक्षण कर गड़बड़ियों का निराकरण भी कर दिया है, जिसकी जानकारी टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अफसर करीब 3 माह पूर्व दे चुके हैं, बावजूद अब तक संशोधित मास्टर प्लान लागू नहीं हो पाया है। इधर विभागीय अफसरों का कहना है कि संशोधित मास्टर प्लान को लागू करने शासन स्तर पर ही आदेश होना है। आदेश जारी होते ही इसे लागू कर दिया जाएगा।

### बस्ती को तालाब, कहीं तालाब में बस्ती बसा दी गई थी

मास्टर प्लान 2031 में कई तरह की बड़ी गड़बड़ी की गई थी।नक्शे में जहां जिस जगह पर तालाब है, वहां बस्ती या खाली भूमि बता दिया गया है, वहीं जहां बस्ती, आबादी बसी हुई उस जगह को तालाब बता दिया है। इसी प्रकार कृषि भूमि को मिश्रित, आवासीय तो आवासीय भूमि को कृषि या मिश्रित बता दिया गया है। यह सभी गड़बड़ियां पुराने सेटेलाइट नक्शा के कारण हुई है, क्योंकि नए मास्टर प्लान को तैयार पुराने सेटेलाइट नक्शा के आधार पर ही बनाया गया है, जबकि होना यह था कि पहले सेटेलाइट नक्शा को अपडेट किया जाना है। इसे अपडेट किए बिना ही इसी के आधार पर नया मास्टर प्लान तैयार कर दिया।

### दोबारा होनी थी दावा-आपत्तियों पर सुनवाई

नये मास्टर प्लान के लागू होने से कांग्रेस शासनकाल में दावा-आपत्तियां मंगाई गई थी। कुल 1432 दावा-आपत्तियां आई भी थीं, जिसके लिए सुनवाई भी रखी गई थी, लेकिन सुनवाई में इन दावा-आपत्तियों का निराकरण किए बगैर लागू कर दिया था। इधर संशोधित मास्टर लागू करने से पहले भी अफसरों द्वारा करीब 463 आपत्तियों पर दोबारा सुनवाई कर निराकरण करने की बात कही जा रही थी, लेकिन बाद में अचानक कमेटी बनाकर गड़बड़ियों की जांच करा दी।

### परीक्षण करने के बाद गड़बड़ियों का निराकरण करने का आदेश

कमेटी की जांच रिपोर्ट का शासन स्तर पर प्रेजेंटेशन भी हो चुका है। मंत्री ओपी चौधरी और उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में जांच रिपोर्ट का प्रेजेंटेशन दिया गया था। इसके आधार पर गड़बड़ियों का निराकरण करने के आदेश भी दिए गए थे। इस आदेश के तहत गड़बड़ियों का निराकरण किया गया है, लेकिन किस तरह की और कौन-कौन सी गड़बड़ियों का निराकरण हुआ है। इसका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है।

**76 सड़कों में भी गड़बड़ी, घटा दी चौड़ाई:** नए मास्टर प्लान में नई सड़कों के साथ पुरानी सड़कों की चौड़ाई में भी गड़बड़ी की गई हैं। इनमें जहां सड़क की चौड़ाई की जरूरत नहीं है, वहां स्वीकृति दे दी गई है। एक-दो नई सड़क को निजी मकान से निकालना बता दिया है, वहीं 28 से अधिक पुरानी सड़कें जिनकी चौड़ाई वर्ष 2021 के मास्टर प्लान में तय की गई थी, उनकी चौड़ाई ही घटा दी गई है। ये पुरानी सड़कें नए मास्टर प्लान में शामिल हैं।

### 6 बिंदुओं पर कमेटी ने की थी जांच

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर ने वर्ष 2031 के लिए मास्टर प्लान तैयार किया था, जो तत्कालीन कांग्रेस शासन काल में 2023 से लागू है। प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता बदलने के बाद मास्टर प्लान में थोक में गड़बड़ी किए जाने की शिकायतें मिलने लगी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए मास्टर प्लान के लागू होने से पहले आई दावा-आपत्तियों की एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच कराई, जिसमें जिला के विभिन्न विभागों के साथ संचालनालय स्तर के अधिकारियों को भी शामिल किया था। इस कमेटी ने 6 बिंदुओं पर इन गड़बड़ियों की जांच की। इसमें शिकायत, सड़क, तालाब, लैंड यूज एवं असंगत-अकार्यक्षम भूमि का उपयोग शामिल है। कमेटी की प्रारंभिक जांच में ही 170 से अधिक गड़बड़ियां पाई गईं। इन गड़बड़ियों की दोबारा बारीकी से जांच की गई, जिसके बाद रिपोर्ट शासन को भेजी गई।

# पाक्सो एक्ट के आरोपी ने जेल में की खुदकुशी परिजनों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सेंट्रल जेल में रविवार देर शाम रेप के एक विचाराधीन बंदी ने जेल परिसर के पीपल पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। विचाराधीन बंदी के खुदकुशी करने की घटना के बाद जेल प्रशासन ने मौके पर तैनात उल्लास वर्मा को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

- जेल प्रबंधन ने न्यायिक जांच के दिए आदेश

किशोरी से रेप के आरोप में जेल में बंद विचाराधीन बंदी कोतवाली निवासी सुनील महानंद (30) ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। गंज थाने की पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। जेल प्रशासन के अनुसार मृतकों के परिजनों को रात में ही घटना की जानकारी दे दी गई थी। पति की मौत की खबर मिलते ही मृतक की पत्नी ललिता महानंद बेहोश हो गई। परिजनों ने प्रताड़ना से तंग आकर सुनील के फांसी लगाकर खुदकुशी करने का आरोप लगाया है। घटना के दूसरे दिन मृतक के परिजन के साथ भारी संख्या में समाज से जुड़े लोग तथा किन्नरों ने जेल परिसर पहुंचकर प्रदर्शन किया।

### परिजनों का आरोप बंदियों ने कपड़े तक छीन लिए थे

सुनील ने जेल के अष्टकोण बैरक के पीछे पीपल पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी की। परिजनों ने आरोप लगाया है कि सुनील जिस बैरक में बंद था, वहां बंदियों ने सुनील के कपड़े तक छीन लिए थे। परिजनों के अनुसार वे सुनील से मिलने के लिए जाते थे, तो वो उनके पास जेल में साथी बंदियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाता था। परिजनों के अनुसार ठंड से बचाव के लिए उन लोगों ने सुनील के लिए तीन स्वेटर, पांच-छह जोड़ी कपड़े और खाने-पीने का सामान दिया था, लेकिन वह सामान उसे नहीं मिलने दिया गया और कथित तौर पर उसके पास पहुंचने से पहले छीन लिया जाता था। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने सुनील को पैसे भेजे थे, लेकिन वह पैसे भी उसे नहीं दिए गए। उनका कहना है कि इन सभी कारणों से सुनील मानसिक तनाव में था।

### न्यायिक जांच कराई जाएगी

मामले को गंभीरता से लिया गया है। घटना की न्यायिक जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

**- योगेश सिंह क्षत्री**, जेल अधीक्षक सेंट्रल जेल, रायपुर

# हाईकोर्ट ने खराब सड़कों के मामले में सचिव का शपथ पत्र पेश नहीं होने पर जताई नाराजगी

**बिलासपुर।** प्रदेश की खराब सड़कों के मामले में हुई सुनवाई के दौरान आज पीडब्लूडी विभाग के सचिव का शपथ पत्र नहीं आने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। शासन की ओर से समय मांगने पर गुरुवार 8 जनवरी को अगली सुनवाई निर्धारित की गई है।

राज्य में खराब सड़कों को लेकर हाईकोर्ट ने जनहित याचिका के रूप में सुनवाई काफी पहले से शुरू की थी। पूर्व में राज्य शासन ने अपना जवाब पेश कर कहा था कि रतनपुर-सेंदरी रोड का काम लगभग पूरा हो गया है। रायपुर रोड की सड़क 70 प्रतिशत बना ली गई है। इसे अगले 15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। अफसरों ने अधूरे सड़कों के जल्द पूरा करने की बात कही। इस पर कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि प्रदेश में सड़कों की स्थिति को सुधारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाना और अफसरों का मौन रहना चिंताजनक है। सोमवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच में सुनवाई के दौरान शासन की ओर से बताया गया कि कोर्ट के पिछले निर्देश के मुताबिक अभी लोक निर्माण विभाग के सचिव का शपथ पत्र नहीं आ पाया है।



8 को होगी अगली सुनवाई

इस बात पर चीफ जस्टिस ने गहरी नाराजगी जताई। डिवीजन बेंच ने कहा कि प्रदेश की जनता से संबंधित यह समस्या है, इसके प्रति जवाबदारी होनी चाहिए। इस पर शासन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता प्रवीण दास ने समय देने का आग्रह किया। इसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने इसी गुरुवार 8 जनवरी को अगली सुनवाई निर्धारित की है।


# एएफआरसी ने तय की पीजी की फीस, निजी मेडिकल कालेज एडवांस ट्रेनिंग के नाम पर वसूल रहे 6 लाख अतिरिक्त

### निजी कालेजों में एमडी-एमएस की फीस साढ़े 10 से 7.92 लाख तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फीस विनियामक समिति निजी मेडिकल कालेजों में पीजी प्रवेश के लिए फीस का निर्धारण कर चुकी है। एडमिशन लेने वाले छात्रों से निजी कालेज एडवांस ट्रेनिंग के नाम पर 6 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि वसूल रहे है। एडमिशन के दौरान अगर कोई यह राशि नहीं दे पा रहा है तो उनसे चिकित्सा शिक्षा संचालनालय स्तर पर फैसला आने के बाद शुल्क जमा करने शपथपत्र लिया जा रहा है।

क्लीनिकल विषयों में एडमिशन लेने वाले पीजी के छात्र खुलकर तो कुछ नहीं बोल रहे हैं मगर चिकित्सा छात्र संगठनों तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं।उनका तर्क है कि फीस विनायमक द्वारा तय की गई राशि के अलावा एक रुपए अतिरिक्त नहीं लिया जा सकता। एएफआरसी ने वर्ष 2024-25, 2025-26 तथा 2026-27 के लिए निजी मेडिकल कालेजों के लिए क्लीनिकल और नॉन क्लिनीकल विषयों में पीजी विषय के लिए फीस का निर्धारण कर चुकी है। यह राशि




साढ़े 10 लाख से 7.92 लाख रुपये प्रतिवर्ष है। चिकित्सा छात्रों का कहना है कि कालेज प्रबंधन द्वारा क्लीनिकल विषयों के छात्रों से एडवांस प्रोफेशनल ट्रेनिंग के नाम पर 6 लाख रुपए सालाना शुल्क वसूल रही है।

जिन छात्रों द्वारा एडमिशन के दौरान यह राशि नहीं दे पाने के लिए कोई बड़ा कारण बताया जा रहा है उनसे फीस जमा करने के लिए शपथपत्र लिया जा रहा है। छात्र संगठन से जुड़े सूत्रों का कहना है समिति द्वारा निर्धारित राशि के अलावा किसी भी प्रकार की ट्रेनिंग के लिए शुल्क लेना असंवैधानिक है।

### प्रस्ताव देने का तर्क

निजी कालेजों में एडमिशन लेने वाले कुछ छात्रों ने बताया कि तर्क दिया जा रहा है कि क्लीनिकल एडवांस ट्रेनिंग देने संबंधित प्रस्ताव चिकित्सा शिक्षा संचालनालय को प्रेषित किया गया है। संचालनालय स्तर पर इसे अनुमति मिलने के बाद लागू किया जाएगा। इस ट्रेनिंग में क्लीनिकल विषयों से संबंधित एडवांस विषयों की जानकारी देने का जिक्र है।

### अतिरिक्त शुल्क लेना गलत

फीस विनियामक आयोग द्वारा तय की गई राशि के अलावा अतिरिक्त राशि नहीं ली जा सकती। पीजी प्रवेश लेने वाले कुछ छात्रों द्वारा इस तरह की समस्या बताई गई है। इस संबंध में संचालनालय स्तर पर चर्चा की जाएगी।

**- डा. रेशम सिंह**, अध्यक्ष, जूनियर डाक्टर एसोसिएशन

# जंबूरी के टेंडर में भ्रष्टाचार, कांग्रेस ने की ईओडब्ल्यू में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने एसीबी/ ईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचकर राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम जंबूरी के टेंडर आबंटन में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

- मंत्री गजेंद्र यादव सहित शामिल सभी अधिकारियों पर हो एफआईआर- सुबोध

पीसीसी महामंत्री सुबोध हरितवाल ने बताया कि जंबूरी 2026 जो कि बालोद में 9 जनवरी से होना प्रस्तावित है, का टेंडर पहले 20 दिसंबर को खुलना था, जो गलत तरीके से रद्द हुआ। उसके बाद सिर्फ 10 दिनों के अंतराल में दूसरा टेंडर जारी किया गया और पिछले दिनों 3 जनवरी को खुलने की अंतिम तारीख होने के बावजूद वो टेंडर नहीं खुला, परन्तु बालोद में काम लगभग पूरा होने को है। जमीनी स्तर पर आप देखें, तो करोड़ों रुपए का काम अभी तक हो चुका है, लेकिन अभी तक वर्क ऑर्डर जारी नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि ये एक गंभीर मामला है, जहां टेंडर खुलने से पहले मंत्री और अधिकारियों के संरक्षण में व्यापारी द्वारा पूरा काम कर दिया जाता है।



### ये थे मौजूद

प्रतिनिधिमंडल में पीसीसी महामंत्री सुबोध हरितवाल, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, शहर अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा, अजीत कुकरेजा, प्रभजोत सिंह लाड़ी, अमित तिवारी, मो सिद्धिक, नरेश गढ़पाल शामिल थे।

# शहीद नंदकुमार पटेल विवि में छत्तीसगढ़िया को बनाएं कुलपति




### जम्मू के प्रो.विनय चौहान को कुलपति बनाने की है चर्चा

**रायपुर।** शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के प्राध्यापक को कुलपति बनाने कि मांग करते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा, छत्तीसगढ़ के प्राध्यापकों को नजरअंदाज कर जम्मू के प्रोफेसर विनय चौहान को कुलपति बनाने कि चर्चा जोरो पर है। आखिर भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के प्राध्यापकों को क्या योग्य नहीं मानती।भाजपा अपने पितृ संगठन आरएसएस को खुश करने छत्तीसगढ़ के प्राध्यापकों का अधिकार छीन रही है। प्रदेश के 15 विश्वविद्यालय में 9 में अन्य राज्यों से कुलपति हैं। ऐसे में रायगढ़ विश्वविद्यालय में जम्मू से कुलपति बनाने कि योजना छत्तीसगढ़ के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा, यह विश्वविद्यालय 5 वर्ष पूर्व कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार के समय अस्तित्व में आया था और किसी भी नए विवि में प्रथम कुलपति नियुक्त करने का अधिकार राज्य शासन का होता है और जब यह अवसर हमें मिला तो हमने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के प्राध्यापक डॉ. ललित प्रकाश पटेरिया को प्रथम कुलपति के रूप में नियुक्त किया। 24 नवंबर को कुलपति का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है और नए कुलपति की चयन प्रक्रिया भी 9 नवंबर को पूर्ण हो चुकी है।

**कार्यालय नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

Phone No. 07705-296600, E-mail- cmo_magarlod@rediffmail.com, panchayat.magarlode.cg@nic.in

क्रमांक/1221/न.पं./ लो.नि.वि./ 2025-26 मगरलोड, दिनांक 02/01/2026

**// द्वितीय (2nd) ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

कार्यालय नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है :-

| क्रं. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | निविदा लागत राशि (लाख रु. में) | अमानत राशि (लाख रू. मे) | बिड सबमिशन शुल्क (रूपयें में) | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | पंजीकृत डाक के माध्यम से फीजिकल दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 182986 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Magarlod under SBM 2.0 | 184.39 | 1.50 | 10000.00 | 22.01.2026 05:00 PM | 27.01.2026 05:00 PM |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in, अथवा विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पंचायत राहौद, जिला - जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

NIT NO.1200 RAHOUD, DATED 02/01/2026

**द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

न.पं. राहौद में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) ओपन टेण्डर अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 183075 | नंगमचा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य 2nd call (Amount 22.77 Lacs) Form- "A" | 02.01.2026/ 7.30 बजे से | 19.01.2026/ 7.30 बजे तक | 22.01.2026/ 12.30 बजे | 21.01.2026/ 17.00 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं एवं Main Portal; https://eproc.cgstate.gov.in /www.uad.cg.gov.inपर उपलब्ध हैं। निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग होगा।

*-:सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग प्रतिबंध है उपयोग नही करें*
*पर्यावरण स्वच्छ बनाये जुर्माने से बचे:-*

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत राहौद, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

homefirst We'll take you home

**धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना**

आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारकों ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को बंधक रखकर ऋण लिया है और आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारक ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक जमानतदार के रूप में खड़े हैं। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत 03-01-2026 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने आपके द्वारा दिए गए पते पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के साथ धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस 03-01-2026 को जारी किए गए हैं और इन नोटिसों में कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। इसलिए, वर्तमान प्रकाशन सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के प्रावधान और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है:

| क्र. सं. | खाते, ऋणधारक (ओं) व जमानतदार (ओं) का नाम और पता | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | मांग सूचना की तिथि तक कुल बकाया राशि तथा अतिरिक्त ब्याज और अन्य व्यय (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | उत्तम सिंह लहरे, श्यामकली लहरे | मकान-मौजा उस्लापुर, ख. नं. 236/7, प.ह.नं. 26/45, मौजा उस्लापुर, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- विक्रेता की भूमि, उत्तर- हरिराम गुप्ता की भूमि, दक्षिण- 20 फीट सड़क। | 15,25,025 |
| 2. | शेखर सिंह, विश्राम कोलम | प्लॉट-मौजा निरतु, ख. नं. 1704/3/K/2, मौजा-निरतु, प.ह.नं.- 53, तह-तखतपुर, रा.नि.मं.-सकरी जिला-बिलासपुर, (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व- सड़क, पश्चिम- भोला श्रीवास की भूमि, उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की भूमि। | 11,93,355 |
| 3. | सतीश कुमार थावरे, मोनिका पाटिल | प्लॉट-मौजा सैदा, ख.नं. 147/4(भाग), प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, तहसील व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व-सड़क, पश्चिम-सूर्यवंशी की भूमि, उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की भूमि। | 13,01,273 |
| 4. | मनीष पणिक, जयंत पणिक, मीना पणिक, काजोल | मकान-प्लॉट नं. 14/4, ख. नं. 473/5, मौजा घुरु प.ह.नं. 61, रा.नि.मं. बिलासपुर, विकासखंड तखतपुर, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व- 25' प्रस्तावित सड़क, पश्चिम- श्रवण वर्मा की भूमि, उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की भूमि। | 21,12,915 |
| 5. | अमित टंडन, मंशी टंडन | प्लॉट-मौजा सैदा, ख.नं. 248/32(भाग), प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, तहसील सकरी जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व- सड़क, पश्चिम- विक्रेता का प्लॉट, उत्तर- सूर्यवंशी प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 16,38,728 |
| 6. | सोनू पात्रे, दुर्गा पात्रे | मकान-ख. नं. 141/03(भाग), नंबर-01, शीट नं.-07, शिव मंदिर के पास, गोकुलधाम फेज II, मौजा मेंड्रा, प.ह.नं.- 42, रा.नि.मं.- पेंडारी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व- राजेश की ज़मीन, पश्चिम- अग्रवाल की ज़मीन, उत्तर- अग्रवाल की ज़मीन, दक्षिण- प्रस्तावित सड़क। | 11,61,357 |
| 7. | रामू श्रीवास, शशि श्रीवास | मकान-ख.नं. 85/8, प.ह.नं. 25, मौजा खमतराई, तहसील व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-अन्य की ज़मीन, उत्तर-अन्य की ज़मीन, दक्षिण- कीर्ति रजक की ज़मीन। | 15,18,317 |
| 8. | शत्रुहन सोनवानी, मोहन सोनवानी, शाखा सोनवानी | प्लॉट-ख. नं. 41/10, मौजा सैदा, प.ह.नं. 41, तहसील सकरी व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व- जोहरमल की ज़मीन, पश्चिम- सड़क, उत्तर- विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण- विक्रेता का प्लॉट। | 10,31,137 |
| 9. | त्रिलोचन दास मानिकपुरी, लता बाई मानिकपुरी | फ्लैट-ख.नं. 278/2, मौजा निरतू, प.ह.नं. 53, रा.नि.मं. पेंड्री विकास खंड, तहसील तखतपुर और जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व- निस्तारी रास्ता, पश्चिम- सुधीर रॉय का प्लॉट, उत्तर- रामकुमार का प्लॉट, दक्षिण- श्रीकांत सोनी का प्लॉट। | 10,38,003 |
| 10. | अभिषेक यादव, महेश यादव, रूमा यादव | प्लॉट-ख. नं. 671/4, मौजा मेंड्रा, प.ह.नं. 42, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: उत्तर- अन्य का प्लॉट, दक्षिण- 25′ चौड़ी सड़क, पूर्व- विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम- विक्रेता का प्लॉट। | 8,38,019 |
| 11. | अजय कुमार निर्मलकर, हेमलता निर्मलकर | प्लॉट-ख.नं. 126/104, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 16/30, रा.नि.मं., तहसील व विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व- निस्तारी रास्ता, पश्चिम- लोहरानी का प्लॉट, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण- विक्रेता का प्लॉट। | 10,53,946 |
| 12. | पूजा सिंह, शिव विशाल सिंह | प्लॉट-ख.नं. 1704/3/Gha/2, मौजा निरतु, प.ह.नं. 53, तहसील-सकरी, जिला- बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम- विक्रेता का प्लॉट, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण- अन्य का प्लॉट। | 11,08,395 |
| 13. | आकाश सयगोरे, विकाश सयगोरे, संजना अहिरवार | मकान-मौजा मुढ़ीपार, ख. नं. 360/1, प.ह.नं. 9, रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495006 चौहद्दी: पूर्व- विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम-विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर- सड़क, दक्षिण- दीपक राठौर की भूमि। | 8,22,919 |
| 14. | दीपक कुमार श्रीवास, कला बाई श्रीवास | मकान-डायवर्टेड आवासीय भूमि, शीट नं. 3, भूखंड नंबर 42, ख.नं. 33/6 का हिस्सा, (बिक्री का समझौता क्षेत्र 1001 वर्ग फुट), पटवारी हल्का नंबर 50, ग्राम गनियारी, राजस्व निरीक्षक गनियारी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495006 चौहद्दी: पूर्व- सड़क, पश्चिम- विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- बिल्लू की भूमि। | 9,00,440 |

आपसे अनुरोध है कि आप इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपरोक्त राशि ब्याज और लागत के साथ चुकाएं, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ऋणधारकों, बंधककर्ताओं और जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने सहित सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करेगी। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपलब्ध शक्तियों में शामिल हैं-(1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को कब्जे में लेने की शक्ति जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को जारी करने के लिए पट्टे, बिक्री के असाइनमेंट के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकार शामिल हैं (2) पट्टे, असाइनमेंट या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकारों सहित सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना और सुरक्षित संपत्तियों को प्राप्त करना।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा (आपके व्यवसाय के सामान्य क्रम के अलावा) किसी भी सुरक्षित संपत्ति को होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 06-01-2026

द्वारा हस्ताक्षरित: प्राधिकृत अधिकारी
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पिछले आटो एक्सपो...

लगाया गया था, लेकिन वहां से गाड़ी खरीदने वालों को आज तक आरसी (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) नहीं मिले हैं, जिस वजह से वाहन खरीदने वाले बेहद परेशान हैं। इधर परिवहन विभाग ने एक्सपो में छूट संबंधी नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। **इस तरह होगा टैक्स का हिसाबः** - कर की गणना, वाहन निर्माता द्वारा निर्धारित मूल्य पर की जायेगी, जिसमें निर्माण लागत और विभिन्न कर एवं उस पर लागू उपकर शामिल होगा। व्यवसायी द्वारा दिये गये नगद अथवा व्यवसायिक छूट में, कर भुगतान की छूट नहीं रहेगी। प्रतिभागी व्यवसायी, ऑटो एक्सपो में विकय किये जाने वाले स्टॉक की सूची परिवहन आयुक्त कार्यालय को तथा समस्त क्षेत्रीय,जिला परिवहन कार्यालय को उपलब्ध करायेगा, इसके साथ ही बिक्री के बाद वाहनों का ऑटो एक्सपो स्थल में डिलीवरी के पूर्व 'गेटपास' का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। **मॉडल का अनुमोदन पहले कराना होगा** : - बिक्री से पहले वाहनों का आयुक्त कार्यालय द्वारा मॉडल का अनुमोदन कराना प्रतिभागी व्यवसायी के लिए अनिवार्य होगा।. एचएसआरपी प्लेट को लगाने हेतु व्यवसायी द्वारा वाहन खरीददार से कोई अतिरिक्त रकम नहीं ली जाएगी। लेकिन एक्सपो में विक्रय किये गये वाहनों के मानक मूल्य पर 0.5 प्रतिशत सड़क सुरक्षा कार्यों के लिए वसूली जाएगी।

### ट्रंप की धमकी,...

दलों ने वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले को रविवार को संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन करार दिया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बयानों की भी कड़ी निंदा की।

### इधर, कांग्रेस सांसद...

रहा है, पश्चिमी गोलार्ध के लिए उनका सिद्धांत, जिसे कभी अव्यावहारिक माना जाता था, वास्तविक रूप ले रहा है। 2025 की शुरुआत में, न्यूयॉर्क पोस्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक तस्वीर को प्रमुखता से छापा, जिसमें वे पश्चिमी गोलार्ध के एक मानचित्र के सामने मुस्कुराते हुए दिखाई दे रहे थे।

### निरंजन सहित 30...

करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। एजेंसी के दावों के मुताबिक घोटाला का आंकड़ा जांच में सामने आए नए तथ्यों और मनी ट्रेल के आधार पर तय किया गया है। आगे जांच बढ़ने के साथ ही घोटाला की रकम में और बढ़ोतरी की संभावना है।

### प्रार्थना की आड़...

निवासी सुखदर मंडावी के घर पर ईसाई मिशनरियों द्वारा एक विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही थी। जैसे ही ग्रामीणों को इस बात की भनक लगी कि गांव में बाहरी लोग आकर धार्मिक गतिविधि कर रहे हैं, बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

### ब्रश करते वक्त...

वैस्कुलर सर्जरी विभाग में ऑपरेशन के बाद उसकी जान बच गई। दावा है कि विश्व में बिना कारण मस्तिष्क को खून पहुंचाने वाली गर्दन की नस फटने की यह 11वीं घटना है। मरीज को लकवा अथवा ब्रेन डेड होने का खतरा था। सही समय पर उपचार के बाद वह स्वस्थ हो गया। चिकित्सकों का दावा है कि आमतौर पर शरीर की नस कैंसर के ट्यूमर, किसी संक्रमण अथवा अनुवांशिक कारणों के कारण फटने की घटना सामने आती है। बिना कारण नस का फटना अति दुर्लभ है और मेडिकल जर्नल में इसके 10 केस का उल्लेख है। राजधानी में रहने वाले 42 साल के मरीज के साथ कुछ ऐसा वाकया हो गया। उसे बेहोशी की हालत में आंबेडकर अस्पताल लाया गया था, जहां परिवार वालों ने बताया कि सुबह ब्रश करते वक्त उसके गले में तेज दर्द हुआ और वह बेसुध हो गया। प्रारंभिक लक्षण के आधार पर उसे सीटीवीएस विभाग भेजा गया। गर्दन की नसों की सीटी एंजियोग्राफी जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि मरीज की दायीं कैरोटिड आर्टरी (मस्तिष्क को खून पहुंचाने वाली नस) फट चुकी है। उसके चारों ओर गुब्बारानुमा संरचना बन गयी, जिसे कैरोटिड आर्टरी स्यूडोएन्युरिज्म कहा जाता है। आपात स्थिति में आए मरीज को जान का खतरा था, इसलिए डाक्टरों की टीम ने उसकी तत्काल सर्जरी की। लगभग पांच घंटे चली सर्जरी के दौरान बोवाइन पेरिकार्डियम पैच की सहायता से फटी हुई कैरोटिड आर्टरी को अत्यंत सावधानीपूर्वक रिपेयर किया गया।

### हर पल था जोखिम...

लकवा या ब्रेन डेड होने का खतरा था। मरीज और परिजनों को सभी जोखिमों की जानकारी देकर सर्जरी की सहमति ली गई। उन्होंने बताया कि आमतौर पर ऐसी घटना होने के बाद रिकव्हरी के चांस बेहद कम होते हैं।

### महिला पुलिसकर्मी से...

कर जूते-चप्पलों की माला पहनाई। इसके बाद लिपस्टिक लगाकर, चूड़ी पहना कर उसका जुलूस निकालते हुए उसे न्यायालय तक लाया गया। दरअसल गारे/पेलमा सेक्टर-1 कोयला खदान प्रारंभ किए जाने के संबंध में 8 दिसंबर को धौराभांठा बाजार मैदान में जनसुनवाई आयोजित की गई थी। इस जनसुनवाई के विरोध में खदान क्षेत्र से प्रभावित 14 ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा 12 दिसंबर से सीएचपी चौक लिबरा में आर्थिक नाकेबंदी के उद्देश्य से धरना प्रदर्शन किया जा रहा था, जिससे आवागमन बाधित हो गया था। स्थिति को सामान्य करने के लिए 27 दिसंबर को जब पुलिस-प्रशासन द्वारा मार्ग खुलवाने की कार्रवाई की जा रही थी, उसी दौरान भीड़ उग्र हो गई और पुलिस बल पर हमला कर दिया। इस हमले में कई पुलिस जवान घायल हुए थे। घटना के दौरान प्रदर्शन में शामिल कुछ लोगों द्वारा एक महिला पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट, आपत्तिजनक कृत्य, अमानवीय और निंदनीय व्यवहार, कपड़ा फाड़ने और अभद्र व्यवहार और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना को लेकर समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। उक्त गंभीर घटनाक्रम के संबंध में थाना तमनार में आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। इस घटना के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। इसी क्रम में इस घटना का मुख्य आरोपी चित्रसेन साव निवासी सिदार पारा तमनार फरार था, जिसे सोमवार को पुलिस ने दबिश देकर उसके घर से दबोचा है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जब उसे रायगढ़ लाया गया तो शहर सहित जिले की महिला पुलिसकर्मी एकत्रित हो गईं। उनका आक्रोश इस कदर था कि उन्होंने आरोपी को अर्धनग्न कर पहले जूते-चप्पलों की माला पहनाई। इसके बाद लिपस्टिक लगाकर, चूड़ी पहना कर चक्रधर नगर चौक से उसका जुलूस निकालते हुए न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। **अब तक 6 आरोपी गिरफ्तार**- महिला पुलिसकर्मी के साथ मारपीट, बदसलूकी, अमानवीय, निंदनीय व्यवहार, कपड़ा फाड़ने और अभद्र व्यवहार एवं लूट की गंभीर घटना में शामिल 6 आरोपियों को अब तक रायगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी फरार है। गिरफ्तार आरोपियों में मंगल राठिया निवासी ग्राम आमगांव, चिनेश खमारी निवासी ग्राम आमगांव, प्रेमसिंह राठिया निवासी ग्राम आमगांव, कीर्ति श्रीवास निवासी ग्राम आमगांव, वनमाली राठिया निवासी ग्राम झरना व चित्रसेन साव निवासी सिदारपारा तमनार शामिल हैं।

### उमर, शरजील की...

भूमिकाएं अलग-अलग हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, यह न्यायालय इस बात से संतुष्ट है कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत सामग्री से याचिकाकर्ताओं उमर खालिद और शरजील इमाम के खिलाफ प्रथम दृष्टया आरोप सिद्ध होते हैं।

### गांवों की तस्वीर...

कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया कि मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी, जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। इससे मजदूरों को न्याय मिलेगा और भुगतान में देरी जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। खेती-किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकेंगे, ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों और कृषि गतिविधियां प्रभावित न हों। इससे ग्रामीण पलायन भी रुकेगा और कृषि उत्पादन को स्थिरता मिलेगी।

### चार प्रमुख क्षेत्रों...

पालन और कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। ग्रामीण स्तर पर रोजगार एवं सतत आय के नए अवसर सृजित होंगे और पीएम गति शक्ति जैसी राष्ट्रीय योजनाओं को भी इससे बल मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह अधिनियम गांवों में टिकाऊ विकास, स्थायी रोजगार और समृद्धि का नया अध्याय लिखेगा।

### छत्तीसगढ़ में अब...

फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 21 हजार 330 मीट्रिक टन तुअर, 25 हजार 530 मीट्रिक टन उड़द, 240 मीट्रिक टन मूंग, 4 हजार 210 मीट्रिक टन सोयाबीन और 4 हजार 210 मीट्रिक टन मूंगफली खरीद की मंजूरी दी गई है। इन फसलों की खरीद मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी, जिससे किसानों को अपनी उपज का उचित दाम प्राप्त होगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने पत्र में आशा व्यक्त की है कि इस निर्णय से तुअर, उड़द, मूंग, सोयाबीन और मूंगफली उत्पादक किसानों को बड़ी राहत मिलेगी तथा उन्हें औने-पौने दाम पर फसल बेचने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा।

### साय ने केंद्र...

सुरक्षा मिलेगी, दलहन एवं तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।

### जल जीवन मिशन...

हरिभूमि इस वीडियो की अधिकृत पुष्टि नहीं कर रहा, पर इस वीडियो के सामने आने के बाद पीएचई के कार्यपालन अभियंता उत्कर्ष पांडेय ने सहायक अभियंता मोहम्मद अलाउद्दीन को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा है। उत्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। वीडियो वायरल होने के बाद जलजीवन मिशन में बिल पास कराने के नाम पर बड़े स्तर पर रिश्वतखोरी का खेल चलने की वजह से काम अधूरा होने की बात सामने आई है।

### ठेकेदार ने इसलिए...

तक उसे 35 लाख का भुगतान हुआ है, जिसमें उसने 2.50 लाख रुपए की रिश्वत दी है। शेष राशि के लिए पिछले करीब 18 महीने से घुमाया जा रहा है। इस बीच पैसों के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। इसलिए उसने यह वीडियो बनाया।

### दो दिन की राहत...

कुछ राहत थी तथा रविवार को न्यूनतम पारा बढ़कर 9.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। विक्षोभ का प्रभाव खत्म होते ही पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रवाह के साथ ही घने कोहरे का कहर शुरू हो गया है। रविवार की शाम से ही लगातार पश्चिमोत्तर की ठंडी हवाएं चल रही है। सर्द हवाओं के बीच बीती रात मौसम साफ था लेकिन सुबह 5 बजते ही घना कोहरा छा गया। सुबह कोहरा का घनत्व इतना अधिक था कि पास की वस्तुएं भी नहीं दिखाई दे रही थी। मैदानी क्षेत्रों में कोहरा का व्यापक असर देखा गया। सुबह 9 बजे शहरी क्षेत्र तथा सूर्य की किरणें निकलते ही एक बार फिर कोहरा का घनत्व बढ़ गया। सुबह 11 बजे धूप निकली तो कोहरा का प्रभाव कुछ कम हुआ तथा दृश्यता बढ़कर 200 मीटर हुई। पूरे दिन कोहरा के प्रभावी रहने के कारण धूप निकलने के बावजूद ठंड लोगों को कंपकपाती रही।

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद | आयुष्मान कार्ड सुविधा | SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, मकड़ा पर असरकारक है।
गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
HMS देखकर खरीदें | एक बार उपयोग कर देखें | 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-(1) कैश हैंडलिंग में अनुभवी मैनेजर (समय 12घंटे) (2) अनुभवी चाट वाला (सभी प्रकार का खाना बनाना आता हो, समय 12घंटे) पता- बंगाल स्वीट्स सत्यम चौक के पास बिलासपुर 9343335328 (39564)

**आवश्यकता है**-घरेलू काम, सब्जी काटना, रोटी बनाना, कपड़े प्रेस करना एवं अन्य काम हेतू एक हेल्पर/ अनुभवी महिला कर्मचारी चाहिए सम्पर्क करें- महाराणा प्रताप चौक के पास बिलासपुर 80856 81072, 8871563925 (39563)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर स्थित एजुकेशन कंसल्टेंट ऑफिस में काम करने के लिए टेलिकॉलर, ऑफिस मैनेजर की आवश्यकता है पद संख्या 2, योग्यता अनुभव और अंग्रेजी ज्ञान वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता अपना रेज्यूमे लेकर बुधवार एवं शनिवार को 12 से 3बजे तक मिलें ऑफिस- वनक्लिक सॉल्यूशन पता- अंश प्लाजा सेकेण्ड फ्लोर रिंग रोड नम्बर-2 मंगला बिलासपुर 7987917660 (39562)

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रॉनिक, फर्नीचर शोरूम में सेल्समैन लड़के लड़कियां एवं Busy कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए। आकर्षक वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- सुधा सेल्स, सत्या शोरूम के बाजू में नूतन चौक सरकण्डा बिलासपुर 98274 97999 (39527)

**आवश्यकता है**-दवाई दुकान में कार्य करने हेतु स्टॉफ (युवक एवं युवती) की आवश्यकता है मेडिकल स्टोर्स मे कार्य किये को प्राथमिकता सम्पर्क करें- रज्जब अली एण्ड सन्स सिम्स चौक बिलासपुर (39558)

**आवश्यकता है**-त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल (रेसिडेंशियल) सरगांव हेतु रिसेप्शनिस्ट, टेलिकॉलिंग, मार्केटिंग फीमेल तथा ड्राइवर एवं इलेक्ट्रीशियन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल सरगांव सिटी ऑफिस F38, अम्बे प्लाजा, हाईटेक बस स्टैण्ड के सामने तिफरा बिलासपुर 7610365130, 9009989437 (39560)

**आवश्यकता है** ट्रैवल्स ऑफिस में (1) टैक्सी ड्राइवर- 10 (2) एकाउंटेन्ट- 1 (M/F) (3) आफिस स्टाफ-3 (M/F) वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें TRAVEL ZONE स्वर्ण रेसिडेन्सी राजकिशोर नगर बिलासपुर 9522365005

**आवश्यकता है**-मोबाइल दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10बजे से रात 9बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 (39545)

**आवश्यकता है**- रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर चांपा, कोरबा, रायगढ़ हेतु वेल्डर, कटर-फिटर, इलेक्ट्रीशियन हेल्पर, सुपरवाईजर, गार्ड, कम्पयूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चपरासी स्टोर कीपर 5वीं- ग्रेजुएट वेतन 11000-30000 रहना फ्री पता नेहरू नगर बिलासपुर 92850 58360 (39535)

**आवश्यकता है**-थोक दवा दुकान में कम्प्यूटर में कार्य किये 2 लड़कों की एवं साथ ही पैकिंग कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मेलाराम हेमन्त कुमार तेली पारा बिलासपुर (2644)

**आवश्यकता है**-लड़कियों की दुकान में काम करवाने हेतु आवश्यकता है कृपया सम्पर्क करें- राजपाल ट्रेडर्स करबला रोड बिलासपुर 9685029222, 9424243515 (39546)

**आवश्यकता है**-शॉप के लिए 2 लड़के/ 2 लड़की चाहिए अकाउंट की जानकारी हो सम्पर्क करें- यश ट्रेडर्स शॉप नं.-2 GS प्लाजा जीत टॉकीज के सामने पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9770651992, 9329085957 (39549)

**आवश्यकता है**-फर्निशिंग शोरूम में काउन्टर सेल्स के लिए कार्य हेतु 25 लड़के, लड़कियो की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अर्बन लिविंग मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 8109090000, 83193 97645 (39553)

**आवश्यकता है**-घर के ऊपरी कार्य करने हेतु एक लड़की चाहिए कार्य समय सुबह 8:30 से 11 और शाम 5:30 से 6:30 सम्पर्क करें- मंगला चौक के पास, नर्मदा नगर, बिलासपुर 9752266239 (39565)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर स्थित सुप्रसिद्ध हॉस्पिटल हेतु लम्बे, तगड़े, सुरक्षा गार्ड की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन एवं अन्य सुविधाएं शासकीय नियम अनुसार अपने मूल दस्तावेज एवं आधार कार्ड के साथ शीघ्र सम्पर्क करें। मिलने का समय शाम 4बजे से 6बजे तक पता बी.एस.सी प्रा.लि फर्स्ट फ्लोर दुकान नम्बर F29, हाईटेक बस स्टैण्ड के सामने अम्बे प्लाजा तिफरा बिलासपुर 9202580757 (39559)

**आवश्यकता है**- फैक्ट्री में वर्क हेतु वेल्डर की आवश्यकता हैं कार्य नियमों एवं सेफ्टी स्टैन्डर्ड अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी। वेतनमान 15000/- से 22500/- संपर्क- किसान एग्रो गतौरी रतनपुररोड बिलासपुर 9827892413, 79997 89224 (39551)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर शहर में फास्ट फूड और चाइनीज, इंडियन कांटिनेंटल बनाने के लिए अनुभवी शेफ (chef) की आवश्यकता है असिस्टेंट के साथ। सम्पर्क करें- 8349360608, 78691 02530, 7869102531 (39533)

**आवश्यकता है**-आफिस मे कार्य हेतु युवतियों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- PRO Solar Energy Company कालिन्दी कुंज, किचन गार्डन रेस्टोरेंट के पास, गौरव पथ रिंग रोड नं-2 बिलासपुर 9993316757 (39552)

**आवश्यकता है**-हास्टल मे, साफ सफाई के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है सम्पर्क करें-पी. पुरी, मित्र विहार, नारायण प्लाजा के पास, लिंक रोड, बिलासपुर 93409 69592, 7828803577 (39534)

**आवश्यकता हैं** चश्मा शोरूम में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार -:सम्पर्क करें:- सपना चश्मा घर सिटी कोतवाली के पीछे तेलीपारा रोड़ बिलासपुर 7024597793

**आवश्यकता है**-टेन्ट हाऊस में गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है सैलरी 5 अंको में सम्पर्क करें- 9827189233 (39554)

**आवश्यकता है**-(1) हॉस्टल कार्य हेतु लड़के, लड़की (2) रिसेप्शन सम्भालने हेतु स्मार्ट लड़के लड़कियां (3) पार्सल, खाना डिलीवरी हेतु लड़के (4) इंडियन, चाइनीज खाना बनाने हेतु कुक चाहिए सम्पर्क करें- 9329233000 (39540)

**आवश्यकता है**-घर की गाड़ी गाड़ी चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। अनुभवी प्राथमिकता। ड्राइविंग लाइसेन्स, आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- नेशनल मेडिकोज बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7987972716 (39531)

**आवश्यकता है**-नर्सिंग होम में कार्य करने हेतु ट्रेण्ड नर्स, कम्पाउंडर एवं अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 99819 70853 (39514)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर में Spa और ब्यूटी पार्लर में काम करने के लिये युवती/ महिला की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी को प्राथमिकता फ्रेशर भी सम्पर्क करें- 6399166000 (39541)

**आवश्यकता है**-एजेंसी में कार्य हेतु इच्छुक गार्ड, योग्यता 10वीं, 12वी पास अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 9500 से 10000 कार्य स्थल बिलासपुर 2 पहिया, 4 पहिया वाले, समय 11-7 तक सम्पर्क करें- A/4 Associates, अशोक नगर चौक 9425534940, 99816 30084 (451)

**आवश्यकता है**- बिलासपुर 36मॉल में सिनेमा फूड काउन्टर मे हेल्फर कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है सैलरी- 8000 (रहना+ खाना) और ola एवं Travels में कार चलाने हेतु 2 ड्राइवरों की आवश्यकता है सैलरी- 12000 सम्पर्क 92439 58051, 81094 00008 (39550)

**आवश्यकता है**-फोर व्हीलर वर्कशॉप में लड़के/ लड़कियों, सुपर डिजायनर, सेल्समैन, प्यून चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड सहित प्रातः 10 से 12 तक सम्पर्क- बालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेज मगरपारा रोड बिलासपुर (39528)

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, 20000 मार्केटिंग ऑफिसर 3, 40000 योग्यता MA/MBA सुपरवाइजर 15, 15000 फील्ड अधिकारी 5, सुरक्षा गार्ड 66, 13000, 10000 वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय-06, जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 77460 00016, 7746000019 (348)

**आवश्यकता है**-थोक दवाई दुकान में माल छोड़ने ट्रान्सपोर्ट में जाने हेतु लड़के चाहिए कार्य अवधि 10:30 से रात 9बजे तक वेतन 7000 से 10000 सम्पर्क- प्रीमीयर एजेन्सीज मेडिकल काम्प्लेक्स तेली पारा बिलासपुर (39536)

**आवश्यकता है**-दुकान में माल निकालने/ जमाने हेतु लड़कियों, पैकिंग हेतु लड़को की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सलुजा मेडिकल एजेंसी मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा (452)

## बेचना है

**बेचना है**-सरस्वती कालेज के सामने 100फ्रन्ट में 13080 वर्गफुट सेन्दरी पेन्ड्रीडीह हाइवे पर निरतु कोनी, बिलासपुर में 132फिट 24852वर्गफुट 225 फ्रंट 49704 वर्गफुट, सेन्दरी में 92फ्रंट 13800 वर्गफुट प्लाट सम्पर्क -9300878897 (39542)

**बेचना है**-सकरी में TnC अप्रूव्ड कॉलोनी 80% बैंक फाइनेंस मात्र 1290 रुपये Sqft में लेने के लिए सम्पर्क करें- 9770468361, 87704 13397, 8104963081 site visit free from office (450)

**बेचना है**-गोकुल धाम उसलापुर बिलासपुर मे 25×40 =1000 वर्गफुट में बना हुआ सर्व सुविधा युक्त नव निर्मित मकान अतिशीघ्र बेचना है। सम्पर्क करें- 9340252857 (39544)

**बेचना है**- दोमुहानी वार्ड नम्बर 43 बिलासपुर मे डायवर्टेड प्लाट 50×45= 2250 वर्गफुट चारो तरफ से वाउंड्रीवाल से घिरा बेचना है फिक्स रेट 760 रूपए प्रति वर्गफुट खरीददार ही सम्पर्क करें- 9827150471 (39532)

**बेचना है**-हार्मोनियम न्यू 13 स्केल चेंजर 4 लाइन ओरिजनल जर्मनी उच्च गुणवत्ता रीड से बना, कलकत्ता फोल्डिंग हारमोनियम बेचना है सम्पर्क करें- 9981492262, 8109445503 (39521)

## शैक्षणिक

**प्रवेश प्रारंभ**-फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः- B.A, B.Com, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.Com, M.Sc, MBA, MSW, B.Lib, M.Lib, DCA, PGDCA, Polytechnic, B.Tech, अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क करें-Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (4129)

Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 8515825081 9083218330
गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाउस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

आपके सपनों का आशियाना
जल्द होगा आपका...
पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# डेजर्ट वाइपर्स ने पहली बार जीता आईएलटी20 का खिताब, सैम करन ने खेली धुआंधार पारी

एजेंसी ▶▶ दुबई

डेजर्ट वाइपर्स ने तीसरी कोशिश में फाइनल की बाधा को आखिरकार पार कर लिया और दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एमआई एमिरेट्स को 46 रनों से हराकर अपना पहला आईएलटी20 खिताब जीत लिया है। वाइपर्स की इस ऐतिहासिक जीत के हीरो कप्तान सैम करन रहे, जो फाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने फाइनल में 51 गेंदों में नॉटआउट 74 रन बनाए। इस पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने कुल 397 रन बनाए और कुल सात विकेट लिए। मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर के लिए करन को रेड बेल्ट और बेस्ट बैटर के लिए ग्रीन बेल्ट दोनों मिले।

### पिछले दो फाइनल में रहीं रनर-अप

पिछले दो आईएलटी20 फाइनल में रनर-अप रहने के बाद वाइपर्स तीसरी बार में खिताब जीतने में कामयाब रही। इस पूरे सीजन करन की टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया। लीग स्टेज में सिर्फ दो मैच हारने के बाद उन्होंने उसी मोमेंटम को प्लेऑफ में भी बनाए रखा। पहले क्वालिफायर में एमआई एमिरेट्स को आसानी से हराया और फिर फाइनल में एक बार पोलार्ड की टीम को हार का स्वाद चखाया।

### फाइनल में पोलार्ड की एमआई को 46 रन से पीटा, डेजर्ट वाइपर्स ने तीसरी कोशिश में जीता खिताब




### सैम ने खेली 74 रन की पारी

फाइनल में पहले बैटिंग करते हुए डेजर्ट वाइपर्स ने 4 विकेट पर 182 रन का स्कोर बनाया, जिसमें सैम करन ने नाबाद 74 रन की पारी का अहम योगदान था। उन्होंने आठ चौके और दो छक्के लगाकर बीच के ओवरों में वाइपर्स की पारी को संभाला और फिर आखिर में तेजी से रन बनाए। उन्हें मैक्स होल्डन का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 32 गेंदों में 41 रन बनाए, जबकि फखर जमां ने शुरुआत में तेजी दी। डैन लॉरेंस ने एक तेज कैमियो के साथ पारी का शानदार अंत किया, जबकि एमिरेट्स ने आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया, जिनमें फजलहक फारूकी सबसे सफल रहे। उन्हें दो सफलता मिली।

### वाइपर्स के गेंदबाजों का कमाल

इसके बाद वाइपर्स के गेंदबाजों ने एमआई को 182 रन का लक्ष्य हासिल करने नहीं दिया। नसीम शाह ने पावरप्ले में दो विकेट लिए, जबकि खुजैमा तनवीर और उस्मान तारिक ने बीच के ओवरों में रन नहीं बनने दिए। शाकिब अल हसन और पोलार्ड के बीच थोड़ी देर की साझेदारी ने कुछ टक्कर दी, लेकिन जैसे ही डेविड पायने ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट किया, एमआई की टीम 18.3 ओवर में 136 रन पर ऑल आउट हो गई।

---

## खबर संक्षेप



### स्क्वाश : अनाहत की सेमीफाइनल में एंट्री

**बर्मिंघम।** भारत की उभरती हुई खिलाड़ी अनाहत सिंह ने ब्रिटिश जूनियर अंडर-19 ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के महिला सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बर्मिंघम विश्वविद्यालय में खेले गए क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त इस किशोरी भारतीय खिलाड़ी ने मिस्र की बार्ब समेह को 11-4, 10-12, 11-9, 11-3 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला मिस्र की ही एक अन्य खिलाड़ी मलिका एल करास्की से होगा। दिल्ली की इस खिलाड़ी ने शुरुआती दौर में बाई मिलने के बाद दूसरे दौर में हांगकांग की विंग काई ग्लैडिस हो को 11-1, 11-3, 11-3 से हराया था। उन्होंने अंतिम 16 मुकाबले में मिस्र की मलाक एलमाराघी को 11-3, 11-3, 11-6 से हराया। भारत के दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यवीर दीवान ने पांच गेम के क्वार्टरफाइनल में मिस्र के यासीन कौरीतम को 9-11, 11-3, 10-12, 11-9, 12-10 से हराकर लड़कों के अंडर-17 वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर: आद्या और बिस्वास ने जीता खिताब




**वडोदरा।** आद्या बहेती और राजदीप बिस्वास ने आसान जीत के साथ डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के अंडर-11 एकल वर्ग का खिताब जीता। लड़कियों के अंडर-11 फाइनल में आद्या ने साक्ष्य संतोष को 15-13, 11-8, 12-10 से हराया जबकि बिस्वास ने लड़कों के फाइनल में शर्विल करामबेल्कर को 11-8, 11-6, 11-13, 11-4 से शिकस्त दी। लड़कों के अंडर-15 फाइनल में विवान दवे ने रिशान चट्टोपाध्याय को 9-11, 11-9, 11-6, 11-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वह अगले दौर में रुद्र जेना से भिड़ेंगे जिन्होंने अंडर-13 लड़कों के वर्ग के चैंपियन देव प्रणव भट्ट को 11-4, 11-8, 11-5 से हराया। लड़कियों के अंडर-15 वर्ग में शीर्ष वरीय एंकोलिका चक्रवर्ती, दूसरी वरीय नैशा रेवास्कर और उभरती हुई खिलाड़ी तनिष्का कालभैरव अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहे।

### विश्व कप हर क्रिकेटर के जीवन में अहम : रजा

**केपटाउन।** जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा का मानना है कि खराब दौर से जूझ रही जिम्बाब्वे टीम आगामी टी20 विश्व कप में दमदार प्रदर्शन के जरिए विश्व क्रिकेट में फिर अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकती है।



जिम्बाब्वे को सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में ग्रुप बी में पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के साथ रखा गया है जबकि आयरलैंड और ओमान भी इसी ग्रुप में हैं। रजा ने कहा, 'विश्व कप हर क्रिकेटर के जीवन में अहम है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि जिम्बाब्वे को विश्व क्रिकेट में और सम्मान पाना है तो विश्व कप की भूमिका अहम होगी।'

---

**एशेज:** ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में 166 रन, हेड शतक के करीब

# रूट का शतक, इंग्लैंड 384 रन पर मजबूत, हेड की आक्रामक पारी से ऑस्ट्रेलिया का पलटवार

एजेंसी ▶▶ सिडनी

जो रूट के मौजूदा एशेज श्रृंखला के दूसरे शतक से इंग्लैंड ने पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन बड़ा स्कोर बनाया लेकिन ट्रेविस हेड की आक्रामक बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में शानदार शुरुआत की। रूट की 160 रन की पारी के बदौलत इंग्लैंड की पहली पारी चाय के विश्राम से पहले 384 रन पर सिमटी गई। यह ऑस्ट्रेलिया में रूट का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर है। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 166 रन बना लिए थे। हेड 87 गेंद में 91 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। वह पांच मैचों की श्रृंखला में अपने तीसरे शतक से नौ रन दूर हैं। बेन स्टोक्स ने दिन के आखिरी सत्र में जैक वेदरल्ड (21) और शानदार बल्लेबाजी कर रहे मार्नस लाबुशेन (48) को आउट कर दो सफलता हासिल की। रूट ने 242 गेंद में 160 रन बनाए और वह माइकल नेसेर को रिटर्न कैच देकर लौटे। नेसेर ने 60 रन देकर चार विकेट चटकाए। रूट ने अपनी पारी में 15 चौके जड़े।

### ऑस्ट्रेलिया की तेज शुरुआत

हेड और वेदरल्ड ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों से महज 10 ओवर के अंदर टीम के स्कोर को 50 रन तक पहुंचा दिया। इसके बाद गेंदबाजी के लिए आए स्टोक्स ने वेदरल्ड को पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। हेड ने आक्रमक पारी जारी रखते हुए 55 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने इस दौरान श्रृंखला में 500 रन के आंकड़े को भी पार किया। हेड और लाबुशेन ने 105 रन की साझेदारी के साथ इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ा दी लेकिन स्टोक्स ने दिन के आखिरी ओवरों में लाबुशेन को गली में कैच कराके टीम को बड़ी सफलता दिलाई। हेड के साथ रात्रि प्रहरी नासेर (एक रन) क्रीज पर मौजूद हैं।




### ट्रैवस का बड़ा कारनामा

पांचवे टेस्ट की पहली पारी में हेड ने अपनी रनों की रफ्तार को बनाए रखा और 63 रन के स्कोर पर पहुंचते ही एशेज 2025-26 में अपने 500 रन पूरे कर लिए। ऐसा करने वाले वह पहले खिलाड़ी बन गए। मौजूदा एशेज सीरीज में हेड 500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। उनके आसपास भी कोई नहीं हैं। हेड ने एशेज में 500 रन का आंकड़ा छूते ही बड़ा कमाल कर दिया है। दरअसल, ट्रैविस हेड 21वीं सदी में एशेज सीरीज में 500 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर बन गए हैं। इससे पहले डेविड वॉर्नर ने एशेज 2013-14 में 500 से ज्यादा रन बनाने का कारनामा किया था।

### स्टोक्स ने की बड़े कीर्तिमान की बराबरी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की पहली पारी में बेन स्टोक्स ने अभी तक दो विकेट हासिल किए हैं। इसी के साथ वह टेस्ट में इंग्लैंड के लिए संयुक्त रूप से ज्यादा विकेट लेने वाले कप्तान बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के बॉब विलिस की बराबरी कर ली है। इन दोनों प्लेयर्स ने इंग्लैंड के लिए टेस्ट कप्तान के तौर पर कुल 77-77 विकेट हासिल किए हैं। अभी पांचवें टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में 8 विकेट गिरने और बाकी हैं। इसके अलावा दूसरी पारी भी बची हुई है। अगर इसमें बेन स्टोक्स एक और विकेट ले लेते हैं, तो वह इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले कप्तान बन जाएंगे और बॉब विलिस का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

### स्टोक्स-लाबुशेन के बीच तीखी बहस

एशेज के पांचवें मुकाबले के दूसरे दिन मैदान पर माहौल गर्मा गया। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन के बीच तीखी बहस देखी गई। ट्रेविस हेड ने इंग्लैंड के कप्तान की गेंदों पर लगातार बाउंड्री लगाकर 29वां ओवर खत्म किया, जिसने स्टोक्स को गुस्सा दिला दिया। जब स्टोक्स ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के पास से गुजरे, तो उन्होंने लाबुशेन से कुछ कहा और उनकी ओर इशारा किया, जिसके बाद टकराव बढ़ गया। इसके बाद स्टोक्स मुड़े और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के पास गए। उन्होंने ट्रैविस हेड के कंधे पर हाथ रखा। दोनों के बीच कुछ बातचीत हुई। इस बीच अंपायर को दखल देना पड़ा।

### पोंटिंग की बराबरी पर पहुंचे रूट

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट शतकों के मामले में ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली है। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध एशेज सीरीज के पांचवें मैच की पहली पारी में 160 रन की पारी खेली। यह उनका 41वां टेस्ट शतक रहा। टेस्ट करियर में पोंटिंग ने 168 टेस्ट मैच खेले और 41 शतक लगाए। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहा टेस्ट रूट का इंग्लैंड के लिए 163वां टेस्ट है। टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर शीर्ष पर है, जिन्होंने 200 मुकाबलों की 329 पारियों में 51 शतक लगाए हैं। वहीं, साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज जैक कैलिस ने 166 टेस्ट मुकाबलों में 45 शतक अपने नाम किए।

---

# जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स से अलग हुए चोपड़ा, एक दशक पुराना नाता तोड़ा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ एक दशक पुराना रिश्ता तोड़ दिया है और अब वह अपनी खिलाड़ी प्रबंधन फर्म वेल स्पोर्ट्स शुरू करेंगे। चोपड़ा 2016 में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स से जुड़े थे। चोपड़ा ने कहा, 'पिछले एक दशक से हमारा सफर विकास, विश्वास और उपलब्धियों से भरा रहा है। मेरे कैरियर में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स की अहम भूमिका रही है और उनके सहयोग और दृष्टिकोण के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा।' उन्होंने कहा, 'इस अध्याय को खत्म करने के साथ मैं उन्हीं मूल्यों को अपने सफर के अगले चरण में लेकर जा रहा हूं।' जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सीईओ दिव्यांशु सिंह ने कहा, 'नीरज के साथ काम करना हम सभी के लिए शानदार अनुभव रहा। उनकी सफलता की कहानी श्रेष्ठता और लक्ष्य के प्रति हमारे साझे फलसफे को दर्शाती है। हमने मिलकर जो भी उपलब्धियां अर्जित की हैं, उस पर हमें गर्व है और हम उन्हें भविष्य के लिये शुभकामना देते हैं।'

---

**मलेशिया ओपन**

# नए सत्र की मजबूत शुरुआत पर सेन और सिंधू की नजर




एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू समेत भारतीय खिलाड़ी मंगलवार 6 जनवरी से शुरू हो रहे सत्र के शुरुआती 1450000 डॉलर ईनामी राशि वाले मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उतरेंगे तो उनकी नजरें मजबूती से शुरुआत करने पर लगी होंगी।

भारतीय खिलाड़ियों के लिए 2025 अच्छा नहीं रहा, जिसमें शीर्ष खिलाड़ी चोटों और खराब फॉर्म से जूझते रहे। अब फोकस शुरू ही से अच्छा प्रदर्शन करके अगले सप्ताह दिल्ली में होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट की तैयारी पुख्ता करने पर होगा।

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे लक्ष्य सेन ने आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 जीतकर लय हासिल की। अलमोड़ा के 24 वर्ष के लक्ष्य हांगकांग ओपन के फाइनल में भी पहुंचे थे। वह सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ पहले मैच में उसी लय को कायम रखना चाहेंगे।

### शेट्टी का सामना मलेशिया के खिलाड़ी से

आयुष शेट्टी का सामना पहले दौर में पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशिया के ली जी जिया से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू के लिए पिछला साल निराशाजनक रहा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पैर की चोट के कारण अक्टूबर के बाद से खेल नहीं सकी हैं। वह पहले दौर में चीनी ताइपै की सुंग शुओ युन से खेलेंगी। दूसरी बार ओडिशा ओपन खिताब जीतने वाली उन्नति हुड्डा का सामना तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और चौथी वरीयता प्राप्त चीन की चेन यू फेइ से होगा। बाए घुटने की चोट के कारण छह महीने बाद लौट रही मालविका बंसोड की टक्कर पूर्व विश्व चैम्पियन थाईलैंड की रेचानोक इंतानोन से होगी।

---

## नाडा ने जारी की आरटीपी सूची, स्मृति और जेमिमा का नाम शामिल

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्ज राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) की 2026 की पहली तिमाही के लिए पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल की गईं महत्वपूपर्ण खिलाड़ी हैं जबकि 347 सदस्यीय सूची में 118 खिलाड़ियों के साथ सबसे अधिक एथलीट को जगह मिली है। पिछली आरटीपी सूची में 227 खिलाड़ी शामिल थे और इस बार इसमें 120 नाम और जोड़े गए हैं। खिलाड़ियों की सूची में यह इजाफा इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों तथा भारत द्वारा अधिक आक्रामक परीक्षण पर जोर देने की वजह से हुआ है। आरटीपी में शामिल खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी के साथ अपना रहने का स्थान साझा करना पड़ता है और प्रत्येक दिन एक तय समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होता है। अपनी उपलब्धता का स्थान बताने में तीन बार नाकाम रहने को डोपिंग उल्लंघन माना जाता है। पिछली आरटीपी में भी सर्वाधिक 68 नाम एथलेटिक्स से जुड़े खिलाड़ियों के थे। नई आरटीपी सूची में भी इनकी संख्या काफी अधिक जिसमें स्टीपलचेज खिलाड़ी अविनाश साबले, बाधा दौड़ की खिलाड़ी ज्योति याराजी, डेकाथलन के तेजस्विन शंकर और फर्राटा धावक अनिमेष कुजूर जैसे बड़े नाम शामिल हैं।




---

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 8 विकेट से हराया, सीरीज में बनाई अजेय बढ़त

**युवा वनडे श्रृंखलाः वैभव ने 24 गेंदों में खेली 68 रन की ताबड़तोड़ पारी**

एजेंसी ▶▶ बेनोनी

कप्तान वैभव सूर्यवंशी की 24 गेंदों में 68 रनों की तूफानी पारी की बदौलत भारत अंडर-19 टीम ने युवा वनडे श्रृंखला के दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुईस पद्धति से आठ विकेट से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत ने तीन मैचों की इस श्रृंखला में इससे पहले विलोमूर पार्क में खेले गए पहले वनडे में डकवर्थ लुईस पद्धति से 25 रन से जीत दर्ज की थी। श्रृंखला में दूसरी बार खराब मौसम से मैच प्रभावित हुआ। आकाशीय बिजली गिरने के कारण खेल काफी देर तक रुका रहा और भारतीय टीम के लिए लक्ष्य को संशोधित करके 27 ओवरों में 174 रन कर दिया गया। भारतीय टीम ने 12.5 ओवर में दो विकेट पर 115 रन बना लिए तब आकाशीय बिजली गिरने के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल शुरू होने पर भारत ने 23.3 ओवर में दो विकेट 176 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय पारी के दौरान खराब मौसम के कारण शुरुआती रुकावट से पहले सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 10 छक्के और एक चौका जड़ा मैच पर टीम की पकड़ मजबूत कर दी। वेदांत त्रिवेदी (57 गेंदों पर 31 रन नाबाद) और अभिज्ञान कुंडू (42 गेंदों पर 48 रन नाबाद) ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी।



### जेसन रोल्स ने खेली 114 रन की पारी

इससे पहले जेसन रोल्स की 117 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से खेली गई 114 रन की पारी से दक्षिण अफ्रीका 49.3 ओवर में ऑल आउट होने से पहले 245 रनों तक पहुंचने में सफल रहा। भारत के लिए किशन सिंह ने 8.3 ओवर में 46 रन देकर चार विकेट चटकाए।

---

**चेक गणराज्य के जैकब सिंगल्स जीतने वाले बने दूसरे सबसे युवा**

# मेन्सिक ने यूनाइटेड कप में जीत के साथ किया आगाज

एजेंसी ▶▶ सिडनी

यूनाइटेड कप में चेक गणराज्य के 20 साल जैकब मेन्सिक ने नॉर्वे के कैस्पर रूड के खिलाफ 7-5, 7-6(6) से जीत दर्ज की। जैकब मेन्सिक ने दोनों सेटों में आखिर तक संयम बनाए रखा। उन्होंने पहले सेट में 5-5 पर एक महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। इसके साथ एक सेट की बढ़त के लिए सर्व किया। दूसरे सेट में 5-4 पर मैच खत्म करने में नाकाम रहने के बाद जैकब मेन्सिक ने शानदार वापसी की।


वह दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 3/5 से पीछे थे, लेकिन अगले छह में से पांच प्वाइंट जीते। पिछले साल मियामी में एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के विजेता मेन्सिक ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 5/6 पर सेट प्वाइंट का सामना करते हुए क्रॉस-कोर्ट फोरहैंड पास मारा। 20 साल के मेन्सिक यूनाइटेड कप के इतिहास में सिंगल्स मैच जीतने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। उनसे पहले स्टेफानोस सकेलारिडिस ने 18 साल की उम्र में जीत दर्ज करते हुए इतिहास रचा था। यह कारनामा उन्होंने साल 2023 में किया था। यूनाइटेड कप में पदार्पण करते हुए और सीजन का अपना पहला मैच खेलते हुए मेंसिक ने जीत दर्ज की।






### मैं बहुत खुश हूं : बारबोरा

*क्रेजिकोवा ने कहा, मैंने लंबे समय तक नहीं खेला। मुझे जो चोट लगी थी वह सच में बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी। मैं बहुत खुश हूं कि मैं यहां हूं। मैं खेल सकती हूं। मैं इसका आनंद ले सकती हूं। मैं मुकाबला कर सकती हूं। मैं बहुत खुश हूं कि आखिरकार एक मैच खत्म कर पाई।*




# पेरू में इंका सूर्य मंदिर के नीचे मिली 1.6 किलोमीटर लंबी सुरंगें

**लीमा।** पेरू में पुरातत्वविदों ने एंडीज माउंटेन में स्थित कुस्को में इंका सूर्य मंदिर के नीचे सुरंगों के एक जाल खोजी है। इनमें से कुछ सुरंगें 1.6 किलोमीटर तक फैली हुई हैं। इन सुरंगों को लेकर लगभग 500 सालों से चल रहे संदेह की पुष्टि हुई है। इस इस भूलभुलैया को चिंकाना नाम से जाना जाता है। इसमें कुछ अस्पष्ट संकेतों के अलावा और किसी भी तरह के कोई ग्रंथ का जिक्र नहीं किया गया है। आर्कियोलॉजिस्ट जॉर्ज कैलेरो फ्लोरेस के मुताबिक एक मेन ब्रांच मंदिर को तकरीबन 2 किलोमीटर दूर स्थित सैक्साहुमन फोर्ट से जोड़ती है। उनकी टीम ने 3 छोटी ब्रांच भी खोजी हैं, जिसमें से एक सैन क्रिस्टोबल चर्च के पास, दूसरी किले के पास के एरिया में और तीसरी कैलिस्पुकियो नाम की एक जगह पर।

### कहां से आई सुरंगे?

फ्लोरेस ने बताया कि टनल सिस्टम तकरीबन 8.5 फीट चौड़ी और 5.2 फीट ऊंची है। 'जेरूसलम पोस्ट' के मुताबिक उन्होंने कहा,' हमें संदेह है कि इंका लोगों को पालकियों में इन सुरंगों से ले जाया गया होगा।' उन्होंने बताया कि इंका लोगों की ओर से ही इन सुरंगों का निर्माण किया गा था। निर्माण में खाइयां खोदना और फिर सहारा देने के लिए पत्थर की दीवारें और नक्काशीदार बीम वाली छतें बनाना शामिल था। फ्लोरेस की टीम के मुताबिक ये सुरंगें प्राचीन इंका शहर कुस्को के ऊपर बने सड़क नेटवर्क की तरह ही थीं।



### कहां से शुरु होती है सुरंग?

टीम को 16वीं शताब्दी के जेसुइट ग्रंथों और एनेलो डी ओलिव नाम के एक हिस्टॉरियन से एक अन्य डॉक्यूमेंट्स में सुरंगों के बारे में कुछ सुराग मिले। पहले डॉक्यूमेंट में एक गुमनाम स्पेनिश जेसुइट के बारे में डीटेल दी गई थी, जिसने साल 1594 में बिशप के आवास को कुस्को कैथेड्रल से जोड़ने वाली एक सुरंग के बारे में लिखा था। इससे संकेत मिला कि यह सुरंग सूर्य मंदिर से शुरू होती थी। डी ओलिव के दूसरे डॉक्यूमेंट में शहर में कई अंडरग्राउंड रास्तों के बारे में बताया गया था।

### भूलभुलैया का कैसे लगा पता?

डॉक्यूमेंट में यह भी बताया गया था कि कंस्ट्रक्शन वर्कर्स ने किले की एक गुफा से शुरू होने वाले सुरंग नेटवर्क को नुकसान न पहुंचाने का पूरा ध्यान रखा था। चिनकाना का स्पेसिफिक मैप बनाने के लिए रिसर्चर्स ने सबसे पहले साउंड सर्वे का इस्तेमाल कर कुछ खोखली जगहों की खोज की। इसके बाद उन्होंने इन इलाकों पर ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार तैनात किया, जिससे सुरंगों के भूलभुलैया का पता चला. रिसर्चर्स अब इन सुरंगों के बारे में अधिक जानने के लिए उनमें एंट्री करने की प्लानिंग कर रहे हैं।

## रोचक खबरें



### चीन ने लैब में बना डाली 'हड्डी रहित मछली', दुनिया हैरान!

**बीजिंग।** अगर आप भी मछली खाने के शौकीन हैं, तो गले में उसका बारीक कांटा फंसने वाले डर से अच्छे से वाकिफ होंगे। जायके के बीच में अगर कोई कांटा गले में फंस जाए, तो अच्छे-खासे खाने का मजा ही किरकिरा हो जाता है। खासकर बच्चों को मछली खिलाते समय घरवाले हमेशा तनाव में रहते हैं कि कहीं कोई कांटा न फंस जाए। लेकिन, अब चीन के वैज्ञानिकों ने इस डर का भी इलाज ढूंढ लिया है। उन्होंने लैब में एक ऐसी मछली बनाई है, जिसके बारे में जानकर पूरी दुनिया हैरान है। बता दें कि चीन के वैज्ञानिकों ने लैब में एक ऐसी 'हड्डी रहित' मछली तैयार की है, जिसमें मांस के अंदर पाए जाने वाले वे बारीक और खतरनाक कांटे नहीं होंगे। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज के वैज्ञानिकों ने 'गिबेल कार्प' नाम की मछली पर यह एक्सपेरिमेंट किया है। यह मछली चीन में बहुत चाव से खाई जाती है। लेकिन, इसमें 80 से ज्यादा बारीक वाई शेप के कांटे होते हैं, जिनका गले में फंसने का सबसे ज्यादा डर रहता है। वैज्ञानिकों ने सीजीएक्स2बी नाम के एक ऐसे जीन की पहचान की, जो मछली के मांस में बारीक कांटे पैदा करता है। इसके बाद उन्होंने सीआरआईपीआर तकनीक, जिसे आणविक कैंची भी कहते हैं, उसका इस्तेमाल करके इस जीन को मछली के डीएनए से ही हटा दिया।

### चोर ने चोरी करने के बाद सामान लौटाकर मांगी माफी

**न्यूयार्क।** क्या आपने कभी ऐसा सुना है कि चोर चोरी करने के बाद वापस आए और माफी मांगते हुए सामान को वापस लौटा दे? शायद नहीं, लेकिन अमेरिका के न्यू जर्सी में कुछ ऐसा ही हुआ है। यहां एक चोर का अचानक हृदय परिवर्तन हो गया और उसने वापस दुकान में आकर माफीनामे के साथ सामान को लौटा दिया। आपने अंगुलिमाल डाकू की कहानी तो पढ़ी ही होगी, जिसमें वो लोगों की उंगलियां काटकर उसे माला बनाकर पहनता था, लेकिन फिर एक दिन वो भगवान बुद्ध से मिला और उसका हृदय परिवर्तन हो गया। उसके बाद वो डाकू से सीधे संत बन गया। एक ऐसा ही मामला इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है। दरअसल, अमेरिका के न्यू जर्सी में एक चोर का अचानक हृदय परिवर्तन हो गया और उसने चोरी किए हुए दो मैंडोलिन (म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट) उस दुकान को लौटा दिए जहां से उसने पहले चोरी की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चोरी करने के बाद चोर दोबारा उसी दुकान में लौटा, लेकिन चोरी करने नहीं, बल्कि माफीनामे के साथ। उस माफीनामे में उसने बताया कि उसने नशे की हालत में चोरी की थी और इसीलिए वो म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स को लौटा रहा है। ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। लार्क स्ट्रीट म्यूजिक के मालिक बजी लेविन ने खुद अपने सोशल मीडिया पोस्ट में चोर के मैंडोलिन ले जाने और माफीनामा लेकर दुकान में वापस आने के बारे में जानकारी दी।



# धरती के अंदर बढ़ रहा महाविस्फोट का खतरा

**वॉशिंगटन।** क्लाइमेट चेंज का असर धरती के सबसे गहरे हिस्सों तक पहुंच रहा है। नई रिसर्च बताती है कि ग्लेशियर के पिघलने से दुनिया के सबसे खतरनाक ज्वालामुखी फिर से एक्टिव हो सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लेशियर के पिघलने से धरती के अंदर दबाव कम होता है, जिससे मैग्मा ऊपर आने लगता है। विस्फोट का खतरा बढ़ जाता है। लगातार पिघलती बर्फ की वजह से आइसलैंड से लेकर चिली और अंटार्कटिका तक दुनिया के कई खतरनाक ज्वालामुखी प्रभावित हो सकते हैं। आइसलैंड में जनवरी के महीने में आए लगातार भूकंपों ने वैज्ञानिकों की चिंता को काफी बढ़ा दिया है। ये संकेत हैं कि बारदारबुंगा नाम का बड़ा ज्वालामुखी जो यूरोप के सबसे बड़े ग्लेशियर वतनायोकुल के नीचे दबा है, दोबारा से एक्टिव हो सकता है।

### नई रिसर्च



बारदारबुंगा का गड्ढा लगभग 64.75 वर्ग किलोमीटर में फैला है। इसमें मोटी बर्फ जमी है। जब लावा और बर्फ मिलते हैं, तो विस्फोट बहुत ज्यादा खतरनाक हो जाता है। साल 2014 में इसी ज्वालामुखी ने आइसलैंड का 200 साल का सबसे बड़ा विस्फोट किया था। इसमें सैकड़ों फीट ऊंची लावा की धाराएं निकली थीं।

### बर्फ पिघली तो फट पड़ेगी जमीन!



#### आ सकता है दुनियाभर में संकट

यह खतरा सिर्फ आइसलैंड तक सीमित नहीं है। दुनिया भर में करीब 245 ऐसे ज्वालामुखी हैं जो पूरी तरह या आंशिक रूप से बर्फ से ढके हैं। इनमें अलास्का, अमेरिका का पश्चिमी तट, दक्षिण अमेरिका, रूस का कामचटका इलाका और अंटार्कटिका शामिल हैं। करीब 16 करोड़ लोग ऐसे इलाकों के नजदीक रहते हैं। 1985 में कोलंबिया के नेवाडो डेल रूइज ज्वालामुखी का उदाहरण सामने है। यहां बर्फ पिघलने से आई कीचड़ की बाढ़ ने एक पूरा शहर तबाह कर दिया और 23 हजार लोगों की जान चली गई थी। वैज्ञानिक का कहना है कि यह बदलाव तुरंत होगा या सैकड़ों साल में इसे कहना मुश्किल है। हालांकि, इतना तय है कि धरती के गर्म होने से आग और बर्फ का यह खतरनाक मेल भविष्य में बड़ी तबाही ला सकता है। जलवायु संकट अब सिर्फ मौसम की बात नहीं, बल्कि धरती के अंदर छिपे खतरों को भी बाहर ला रहा है। इससे बचाव के लिए हमें पार्यावरण को भी बचाना पड़ेगा।

#### पिघलती बर्फ बढ़ा रही खतरा

वैज्ञानिक लंबे समय से यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या पिघलती बर्फ ज्वालामुखी गतिविधि को बढ़ा रही है। आइसलैंड इस रिसर्च के लिए सबसे अच्छी जगह मानी जाती है। यहां आग और बर्फ दोनों साथ मौजूद हैं। करीब 15 हजार साल पहले आइस एज खत्म होने के बाद यहां ज्वालामुखी गतिविधि 30 से 50 गुना तक बढ़ गई थी। अब फिर से बर्फ तेजी से पिघल रही है। फर्क बस इतना है कि इस बार वजह इंसान हैं। बता दें कि ग्लेशियर धरती पर भारी वजन डालते हैं। जब बर्फ पिघलती है तो यह दबाव कम हो जाता है। इससे जमीन धीरे-धीरे ऊपर उठने लगती है। इसके बाद धरती के अंदर ज्यादा मैग्मा बनता है। आगे चलकर बड़े विस्फोट का कारण बन सकता है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आइसलैंड के नीचे अब पहले से दोगुना मैग्मा बन रहा है।

# 850 बार सर्पदंश के बाद भी रहा जिंदा

**न्यूयार्क।** टिम फ्राइड ने खुद को 850 से ज्यादा बार सांपों के काटने दिया और उनके खून से वैज्ञानिकों ने सबसे अधिक सुरक्षा देने वाला एंटीवेनम तैयार किया है। यह एंटीवेनम 13 खतरनाक सांपों से पूरी सुरक्षा देता है और भविष्य में सांप के काटने से होने वाली मौतों को कम करने में मदद कर सकता है। विस्कॉन्सिन के पूर्व ट्रक मैकेनिक टिम फ्राइड ने 18 साल तक खुद को विषैले सांपों के कटवाने का रिकॉर्ड बनाया है।

**13 खतरनाक सांपों के काटने से पूरी सुरक्षा देने की गारंटी :** टिम की इस असाधारण मेहनत का नतीजा अब सामने आया है। उनके खून में पाए गए एंटीबॉडीज का उपयोग कर वैज्ञानिकों ने सबसे व्यापक सुरक्षा देने वाला एंटीवेनम तैयार किया है। इसमें उनके खून से दो एंटीबॉडी और एक सिंथेटिक एंटीवेनम का मिश्रण बन गया है। इस एंटीवेनम का उपयोग 13 खतरनाक सांपों के काटने से पूरी सुरक्षा देने में सफल रहा और अन्य प्रजातियों पर थोड़ा कम, लेकिन सुरक्षा देने का काम किया है।



### सौ साल पुरानी है एंटीवेनम बनाने की प्रक्रिया

एंटीवेनम बनाने की प्रक्रिया सौ साल पुरानी है। इसमें घोड़े या भेड़ को विष दिया जाता है और उनके खून से एंटीबॉडी निकाली जाती हैं। हालांकि यह तरीका प्रभावी है, लेकिन इसमें गंभीर एलर्जिक प्रतिक्रियाओं का खतरा होता है और यह आम तौर पर सिर्फ एक प्रजाति के लिए ही सुरक्षित होता है। टिम ने इन कमियों को ध्यान में रखते हुए खुद को धीरे-धीरे विष के लिए उजागर किया और 16 खतरनाक सांपों के विष के छोटे-छोटे डोज बढ़ाते हुए खुद को प्रतिरक्षित बनाया है।

**कुत्तों पर होगा पहले परीक्षण :** वैज्ञानिक जैकब ग्लानविल ने उनके संपर्क में आए और उनके खून से एंटीबॉडीज इकट्ठा कर नए एंटीवेनम का निर्माण किया, इस एंटीवेनम का उद्देश्य सभी प्रकार के विषैले सांपों से सुरक्षा प्रदान करना है। अब इस एंटीवेनम को पहले कुत्तों पर परीक्षण के लिए उपयोग में लाया जाएगा और बाद में मानव परीक्षण की योजना है।

# 33 साल पहले खींची गई थी ये 'मनहूस' तस्वीर, खींचने वाले का हुआ ऐसा अंजाम!

**खार्तूम।** सूडान में जब भुखमरी चरम पर थी, ये तस्वीर उस समय की है। ये तस्वीर 33 साल पुरानी है , लेकिन आज भी इसे देखते ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। मार्च 1993 में दक्षिण सूडान के आयोड गांव के पास, अकाल और गृहयुद्ध ने लाखों लोगों को मौत के कगार पर ला खड़ा कर दिया था। हजारों बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भूख से बेहाल हो गए थे। संयुक्त राष्ट्र के फीडिंग सेंटर की ओर जाते रास्ते पर एक छोटा बच्चा जमीन पर गिर पड़ा. तभी एक फोटोग्राफर की नजर उस बच्चे पर पड़ी और उसने अपने कैमरे में जो कैद किया, उसने शख्स को मशहूर तो बना दिया लेकिन साथ ही दे दिया एक श्रापित जीवन, जिसका अंजाम हुआ मौत!



इस तस्वीर की वजह से जहां केविन मशहूर हो गए, उन्हें फोटोग्राफी की दुनिया का सबसे ऊंचा सम्मान मिला, वहीं इसी ने उनकी जान ले ली। लोग केविन को कोसने लगे। कहा गया कि वो बच्चे को बचाने की बजाय फोटो खींच रहे थे। एक आलोचक ने लिखा, 'वहां दो गिद्ध थे—एक चोंच वाला और एक कैमरा वाला।' कार्टर को 'दूसरा गिद्ध' कहा जाने लगा। अपराधबोध ने उन्हें घेर लिया।

# 50 करोड़ साल पुराने जीवों के मिले जीवाश्म

## चट्टानों में मिला स्टार वॉर्स वाला खूंखार कीड़ा, पलट गई विज्ञान की थ्योरी

**न्यूयार्क।** अमेरिका के ग्रैंड कैन्यन से वैज्ञानिकों को 50 करोड़ साल से भी ज्यादा पुराने जीवों के जीवाश्म मिले हैं। इन जीवाश्मों में ऐसे नरम शरीर वाले समुद्री जीव शामिल हैं जो अब तक छिपे हुए थे। इस खोज से वैज्ञानिकों को कैंब्रियन काल के जीवन के साथ उस समय के समुद्र की असली तस्वीर को समझने में मदद मिलेगी। ग्रैंड कैन्यन को दुनिया भर में उसकी बड़ी-बड़ी चट्टानों और खूबसूरत नजारों के लिए जाना जाता है। अब इसी जगह ने धरती के बेहद पुराने जीवन का एक बड़ा राज खोल दिया है। वैज्ञानिकों ने यहां करीब 50 करोड़ साल पहले समुद्र में रहने वाले नरम शरीर वाले जीवों के जिवाश्म को खोजा है। यह खोज इसलिए भी खास है क्योंकि ऐसे जीव आमतौर पर बहुत कम ही मिलते हैं।



### समुद्र में कैसे बचे जीव

इतने पुराने और नरम शरीर वाले जीवों के जीवाश्म, जहां पानी में ऑक्सीजन बहुत कम होती है वहां मिलते हैं। ग्रैंड कैन्यन की यह जगह उस समय ऑक्सीजन से भरपूर और तूफानों वाली उथली समुद्री जगह थी।ऐसी जगहों पर जीव जल्दी सड़ जाते हैं फिर भी ये जीवाश्म सुरक्षित रहे थे। वैज्ञानिकों का मानना है कि समुद्री तूफानों के दौरान ये जीव जल्दी मिट्टी में दब गए जिससे वे अभी तक बचे हुए थे। बता दें कि वैज्ञानिकों को यहां सिर्फ कीड़े ही नहीं मिले है। यहां घोंघे जैसे जीवों के हिस्से, झींगे जैसे जीवों के जबड़े और समुद्र की सतह पर खाने के निशान भी पाए गए हैं। इससे पता चलता है कि उस समय समुद्र में खाना ढूंढने और खाने के कई तरीके थे। जानवर मिट्टी के अंदर रहते थे, रेंगते थे और खाने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाते थे। इस रिसर्च से पता चलता है कि बड़े बदलाव सिर्फ कुछ खास जगहों तक सीमित नहीं थे।

### ग्रैंड कैन्यन में हुई खोज

यह खोज साल 2023 में यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज के वैज्ञानिक जियोवानी मुस्सिनी की अगुवाई में की गई। उनकी टीम ने कोलोराडो नदी के पास चट्टानों से नमूने इकट्ठा किए। उन्हें जांच के लिए ब्रिटेन ले जाया गया. जांच में पता चला कि इन चट्टानों के अंदर छोटे-छोटे जीवों के अवशेष थे। इनमें झींगे जैसे जीव, घोंघे और एक अनोखा कीड़ा शामिल था।

### दांत वाला कीड़ा बना खोज

इस खोज में सबसे ज्यादा एक अजीब से कीड़े ने ध्यान खींचा. इसका नाम वैज्ञानिकों ने क्रेइटड्रैको स्पेक्टेटस रखा है। इसका नाम स्टार वॉर्स के एक किरदार से लिया गया है। इस कीड़े के मुंह में दांत जैसे ढांचे थे।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com